दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली | बुधवार 29 जनवरी-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 40 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3










# निर्वाण महोत्सव में ढहा मंच, 7 की मौत, 75 श्रद्धालु घायल

## सीएम योगी ने लिया घटना का संज्ञान, जताया शोक









**बागपत।** उत्तर प्रदेश के बागपत जिले में बड़ा हादसा हुआ है। बागपत में भगवान आदिनाथ के निर्वाण लड्डू पर्व पर कार्यक्रम के लिए लकड़ी से बना मंच ढह गया। नीचे दबने से सात श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि 75 से अधिक घायल हैं। मृतकों की संख्या में इजाफा हो सकता है। बताया गया कि तुरंत एम्बुलेंस नहीं मिलने पर घायलों को ई रिक्शा में बैठाकर अस्पताल पहुंचाया गया। सूचना पर बड़ौत कोतवाली इंस्पेक्टर भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। एसपी और एडिशनल एसपी भी मौके पर पहुंचे। घायलों में तकरीबन 15 पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, बड़ौत शहर कोतवाली इलाके के गांधी रोड पर यह दर्दनाक हादसा हुआ है। श्री दिगंबर जैन डिग्री कॉलेज के मैदान पर बनाए गए कार्यक्रम का मंच टूट गया। इससे सात लोगों की मौत हो गई, जबकि 75 से अधिक लोग घायल हुए हैं। घायलों को अलग-अलग अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## सीएम के निर्देश पर बागपत पहुंचे कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा







करंट क्राइम : मंगलवार को बागपत में हुए हादसे के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कैबिनेट मंत्री व विधायक सुनील शर्मा को निर्देश दिया कि वह बागपत के बड़ोद में 07 लोगों की दर्दनाक हादसे के मामले में घटनास्थल का निरीक्षण करें। सुनील शर्मा ने बताया है कि जहां पर हादसा हुआ है, वहां 25 साल से इसी तरीके से मंच बना हुआ था। बांस, बल्ली, लकड़ी और लकड़ी का ही रैंप डाला हुआ था। मंगलवार को जब हादसा हुआ तब 50 से 60 लोग थे। जिसमें 7 लोग मारे हैं ,50 लोग घायल हुए हैं। कई पुलिसकर्मी व अन्य लोग भी घटना में हताहत हुए हैं। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने अस्पताल में भर्ती घायलों से मुलाकात की। घटनास्थल और शमशान जाकर परिवारों से दर्द बांटा, तो वहीं इलाज, उपचार और अन्य व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

**बनाया गया था 65 फीट ऊंचा मंच :** आज निर्वाण महोत्सव के तहत यहां धार्मिक कार्यक्रम होना था, इसके लिए यहां 65 फीट ऊंचा मंच बनाया गया था। मंच पर श्रद्धालुओं की संख्या अधिक होने से इसकी सीढ़ियां टूट गई। बताया जा रहा है कि जैन कॉलेज परिसर में स्थापित मानस्तम्भ में विराजमान प्रतिमा जी का अभिषेक करने के लिए लगाई गई अस्थायी सीढ़ियां गिर गई हैं। इससे श्रद्धालु नीचे दब गए और भगदड़ मच गई।

## सीएम योगी के दिल्ली में कई दिनों तक रहेंगे चुनावी कार्यक्रम, तो अधिकारी रहेंगे हलकान

### पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी दिल्ली तक संभालेंगे सुरक्षा व्यवस्था की कमान

**गाजियाबाद ,करंट क्राइम :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दिल्ली में हो रहे विधानसभा चुनाव को लेकर पूरी तरीके से स्टार प्रचारक वाली भूमिका में आ चुके हैं। मंगलवार को उन्होंने दिल्ली में तीन चुनावी सभाओं को संबोधित किया है। तो वह लखनऊ से पहले गाजियाबाद के हिंडन एयरपोर्ट आए और फिर यहां से दिल्ली के लिए रवाना हुए। मुख्यमंत्री दिल्ली में थे, तो उनकी सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी पुलिस और प्रशासन के अधिकारी गाजियाबाद से लेकर दिल्ली तक संभालने का काम कर रहे थे। वहीं भाजपा के सूत्रों से जानकारी मिली है कि आने वाले कई दिनों तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिल्ली विधानसभा चुनाव में अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र में कार्यक्रम लगे हैं। उनकी चुनावी जनसभा होगी, तो वह जनता के लिए जनसभा भी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रमों को देखते हुए पुलिस और प्रशासन के कई स्तर के अधिकारी लगातार दिल्ली और गाजियाबाद में अलर्ट मोड पर बने रहेंगे। तो मुख्यमंत्री की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्पेशल टीम भी उनके साथ-साथ तैनात रहेंगी। वहीं अधिकारियों की एक टीम पूरे कार्यक्रमों पर निगरानी भी कर रही है।



### ट्रैफिक से लेकर सिक्योरिटी का घेरा संभालेगी कमिश्नरेट पुलिस



करंट क्राइम : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अलग-अलग दिन दिल्ली विधानसभा चुनाव में चुनाव प्रचार करेंगे। वह दिल्ली चुनाव की स्टार प्रचारक की लिस्ट में शामिल हैं, तो उनकी सुरक्षा और कार्यक्रमों की अन्य व्यवस्थाओं के लिए गाजियाबाद और नोएडा के अधिकारी हलकान वाले मोड में रहेंगे। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी न सिर्फ दिल्ली तक उनको एस्कॉर्ट प्रदान करने का काम करेंगे बल्कि उनकी सुरक्षा में पुलिस कमिश्नरेट के सुरक्षा दल और बड़ी संख्या में पुलिस बल का इस्तेमाल भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री के कई कार्यक्रमों और बड़े आयोजनों के चलते लगातार पुलिस के कई वरिष्ठ अधिकारियों की ड्यूटी योगी के संग लगाई गई है। तो ट्रैफिक से लेकर उनको एस्कॉर्ट प्रदान करने का काम भी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा ही संभाला जाएगा। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की स्पेशल सुरक्षा टीम उनके साथ हर कार्यक्रम में मुस्तैद नजर आएगी।

### फ्लीट से लेकर सुरक्षा का घेरा, कमिश्नरेट पुलिस के हाथ

करंट क्राइम : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दिल्ली में आयोजित होने वाले विधानसभा चुनाव में एक के बाद एक जनसभा कर रहे हैं। तो उनके चुनावी कार्यक्रम दिल्ली में भी हिट हो रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी की रैलियां और जनसभाओं में भीड़ जुट रही है। तो उनको जनता की ओर से लगातार समर्थन और उत्साह वर्धन भी मिल रहा है। इसी को देखते हुए दिल्ली में मुख्यमंत्री के होने वाले सभी कार्यक्रमों में सुरक्षा की फुलप्रूफ तैयारी करने के साथ ही सुरक्षा के इंतजाम भी किया जा रहे हैं ताकि किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी न होने पाए। वहीं सूत्र बता रहे हैं कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को दिल्ली के हर कार्यक्रम में सुरक्षा का घेरा उत्तर प्रदेश पुलिस की खास टाइम प्रदान कर रही है।

## जीडीए, नगर निगम नहीं पीडब्ल्यूडी करेगी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की नई बिल्डिंग का निर्माण




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के लिए वर्ष 2025 बेहतर वर्ष साबित हो सकता है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में नई बिल्डिंग और बहुमंजिला इमारत का निर्माण होना है। इसके लिए गाजियाबाद का राजनगर एक्सटेंशन का स्थान तय किया जा चुका है। यहां कई एकड़ जमीन को पुलिस द्वारा अधिग्रहित कर लिया गया है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिली है कि यहां पर नई बिल्डिंग का निर्माण गाजियाबाद विकास प्राधिकरण या नगर निगम नहीं बल्कि लखनऊ में बैठी पीडब्ल्यूडी की टीम करेगी। पीडब्ल्यूडी को इस निर्माण कार्य की जिम्मेदारी सौंपने के साथ ही कार्यदायी संस्था भी बनाया गया है। बताया जा रहा है कि इस पूरे निर्माण और रखरखाव के साथ ही पूरा काम करने की प्रक्रिया को पीडब्ल्यूडी की संस्तुति पर ही किया जाएगा।




### आठ मंजिला बनेगी पुलिस कमिश्नरेट की बिल्डिंग, 65 करोड़ हुए हैं सैंक्शन

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्रों से जानकारी मिली है कि राजनगर एक्सटेंशन में बनने वाली पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की नई बिल्डिंग का निर्माण इसी वर्ष शुरू हो सकता है। इसकी कार्यदाई संस्था पीडब्ल्यूडी को नामित किया गया है। जानकारी मिली है कि बनने वाली नई बिल्डिंग 8 मंजिला होगी और यहां आधुनिक जिम से लेकर पार्किंग का एरिया, अधिकारियों के लिए वातानुकूलित कमरे और कार्यालय का निर्माण भी किया जाएगा। निर्माण उच्च गुणवत्तावाला हो इसीलिए लखनऊ की पीडब्ल्यूडी इकाई को इस पूरे कार्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### जल्द शुरू होगी सॉइल टेस्टिंग

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम की राज नगर एक्सटेंशन में जो बहुमंजिला कार्यालय बनना है, उसका निर्माण और व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी लखनऊ पीडब्ल्यूडी को सौंप दी गई है। पहले गाजियाबाद विकास प्राधिकरण व नगर निगम से इसको लेकर चर्चा हुई, पर बजट अधिक लग रहा था। इसी वजह से जब पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद के लिए 65 करोड़ रुपए की धनराशि सैंक्शन हुई, तो इसकी जिम्मेदारी अब लखनऊ पीडब्ल्यूडी को सौंप गई है। वहीं सूत्रों से जानकारी मिली है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की नई बिल्डिंग में कार्य शुरू होने के लिए जल्द ही यहां की सॉइल टेस्टिंग होगी। सॉइल टेस्टिंग की रिपोर्ट आने के बाद आगे का निर्माण कार्य शुरू होगा।

### बनेगी नई बिल्डिंग, तो शिफ्ट होंगे कई कार्यालय

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद की नई बिल्डिंग का निर्माण राजनगर एक्सटेंशन में होगा, यह जब बनकर तैयार होगी, तो इसमें पुलिस के कई आलाधिकारियों से लेकर डीसीपी और एडिशनल सीपी, पुलिस कमिश्नर व अन्य अधिकारियों के लिए आधुनिक कार्यालय और उनके स्टाफ के लिए अलग-अलग कक्ष का निर्माण होगा। इसके साथ ही यहां लाइब्रेरी, पुलिसकर्मियों के लिए जिम, बैरक और अन्य व्यवस्था भी की जाएगी। ऐसी जानकारी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के सूत्रों से मिली रही है।

## 9 चेहरों का पैनल तय करेगा 10 नामित पार्षदों के नाम

### सांसद-विधायक-मेयर और संगठन अध्यक्ष का रहेगा पूरा दखल



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** दैनिक करंट क्राइम ने पहले से ही ये प्रकाशित किया था कि प्रदेश संगठन ने 10 नामित पार्षदों के लिये नाम मांग लिये हैं। ये भी बताया था कि ये नाम किस तारीख तक जाने हैं और किस तरह से नामित पार्षद वाली लिस्ट में कौन-कौन से वर्ग का ध्यान रखा जाएगा। दैनिक करंट क्राइम की खबर पर फिर सटीकता की मुहर लगी है और भाजपा के पास वो पत्र आ गया है जिसमें ये बताया गया है कि प्रदेश तथा प्रदेश महामंत्री संगठन के नेतृत्व में जो बैठक हुई थी उसमें निकाय पार्षद मनोनयन के लिये 9 अपेक्षित श्रेणी की कोर कमेटी बनेगी। ये जिला कोर कमेटी कहलाएगी और इसमें 9 चेहरे निगम पार्षदों के नाम तय करेंगे।

अपेक्षित श्रेणी में जो 9 चेहरे होंगे उनमें जिला प्रभारी, जिला अध्यक्ष, लोकसभा सांसद, एमएलए, एमएलसी, नगर निगम मेयर, नगर पालिका अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष अगर किसी जिले मे किसी मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष रहते हैं तो वो उस जिले की कोर कमेटी के सदस्य होंगे। इसके अलावा जिले में रहने वाले प्रदेश और क्षेत्र के पदाधिकारी इस कोर कमेटी के सदस्य होंगे। जिला प्रभारी और जिला अध्यक्ष भी इस कमेटी में लिये जाएंगे। इस तरह से ये 9 चेहरे 10 नामित पार्षदों के नाम तय करेंगे। अंतिम मुहर प्रदेश संगठन से लगेगी।

### यह रखें ध्यान, पदाधिकारी उसी जिले के सदस्य हों

करंट क्राइम। नामित पार्षदों के मनोनयन की प्रक्रिया शुरू हो रही है। अगर जिले से नाम जाएंगे, हर महानगर से नाम जाएंगे। इस कमेटी में जिला प्रभारी, प्रदेश एवं क्षेत्र पदाधिकारी सहित 9 श्रेणी रखी गई हैं। इसे जिला कोर कमेटी कहा जाएगा और संगठन की ओर से यह स्पष्ट कर दिया गया है कि जब ये कोर कमेटी बने तो इस बात का ध्यान रखें कि सभी अपेक्षित श्रेणी के पदाधिकारी की सदस्यता जिस जिले में है वह उसी जिले की कोर कमेटी के सदस्य होंगे।

### प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्य को बनाया गया गाजियाबाद का पर्यवेक्षक

करंट क्राइम। नामित पार्षदों वाली प्रक्रिया शुरू हो गई और प्रदेश अध्यक्ष तथा प्रदेश महामंत्री के निर्देश आ चुके हैं। दायित्व के आधार पर कोर कमेटी बनेगी और ये कोर कमेटी निगम और निकाय पार्षदों के मनोनयन के लिये उत्तरदायी रहेगी। इसके लिये पर्यवेक्षक भी नियुक्त कर दिये गये हैं। गाजियाबाद जिले और महानगर का पर्यवेक्षक राज्यसभा सांसद तथा प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्य को बनाया गया है।

### ध्यान दें लीडर, पद होल्डर का ही नाम करें कंसीडर

करंट क्राइम। भाजपा में नामित पार्षदों के चयन के लिये कोर कमेटी बनाई गई है। कोर कमेटी में अपेक्षित चेहरे बता दिये गये हैं और अब दायित्वधारी वाला मामला भी आ गया है। प्रदेश अध्यक्ष के यहां से जो पत्र आया है उसमें बता दिया गया है कि नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत के लिये मनोनयन हेतु नाम भेजते समय इस बात का ध्यान रखना है कि जिस भी कार्यकर्ता का नाम भेजा जाए वो दायित्वधारी होने चाहिए। दायित्व के साथ ये भी स्पष्ट किया गया है कि कार्यकर्ता का दायित्व वर्तमान या पूर्व भी हो सकता है, लेकिन उसके पास दायित्व होना चाहिए। इसके लिए कोर कमेटी को फार्मेट भी भेजा जा रहा है।

### लिस्ट में रखना है महिला-एससी-एसटी-ओबीसी का विशेष ध्यान

करंट क्राइम। दैनिक करंट क्राइम ने पहले ही प्रकाशित किया था और अब लिस्ट में ये बात आ गई है। क्षेत्रीय अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष और क्षेत्रीय प्रभारी को जो पत्र भेजा गया है उसमें स्पष्ट कर दिया गया है कि नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत के लिये मनोनयन हेतु नाम भेजते समय प्रस्तावित सूची में महिला, एससी, एसटी, ओबीसी कार्यकर्ता का विशेष रूप से ध्यान रखना अनिवार्य है। इस पत्र में ये भी कहा गया है कि नाम भेजते समय जिले की कोर कमेटी व्यापक चर्चा करे और सामाजिक समीकरणों को ध्यान में रखते हुए ही नाम तय करने हैं।

### जिसे बना रहे हो पार्षद उसकी कर लें पूरी तरह से पड़ताल

करंट क्राइम। कोर कमेटी को भी ये निर्देश दिये गये हैं कि सामाजिक समीकरण और दायित्वधारी कार्यकर्ता के साथ-साथ पूरी पड़ताल भी कर लें। जिस कार्यकर्ता का नाम तय हुआ है उसके बारे में जांच पड़ताल जरूर कर ली जाए। इस बात का पता होना चाहिए कि वह कब से भाजपा का सदस्य है। जो नाम भेजा जा रहा है उनका बैकग्राउंड क्या रहा है। अब तक भाजपा के किस दायित्व पर रहे हैं।

### निकाय पर्यवेक्षक करेंगे जिला कोर कमेटी तैयार

करंट क्राइम। जिला कोर कमेटी नामित पार्षदों के नाम तय करेगी और जिला कोर कमेटी में कौन होगा ये पर्यवेक्षक तय करेंगे। सभी निकाय पर्यवेक्षकों को निर्धारित तिथि के अनुसार जिला कोर ग्रुप में अपेक्षित श्रेणी की सूची के अनुसार जिले में सूची बनानी है। अपेक्षित सूची के अनुसार जिला कोर के सदस्यों को जाने से पहले पार्टी द्वारा अधिकृत व्यक्तियों को पूर्व सूचना देकर समय व तिथि तय करके जाना चाहिए। इसके अलावा जिला केंद्र पर तय तिथि तथा समय पर कोर ग्रुप की अपेक्षित श्रेणी वाली बैठक पर्यवेक्षक को करानी है। सभी के साथ समन्वय बनाकर प्रस्तावित नाम तय कराने है।

### नगर निगम में दस पार्षद नगर पालिका में पांच सभासद और नगर पंचायत पर तीन सभासद होंगे नोमिनेट

करंट क्राइम। नामित वाली कृपा का बादल अब फरवरी माह में कभी भी बरस सकता है। फॉर्मेट आ गया है, कोर तैयार हो गई है। नगर निगम स्तर पर दस नामित पार्षद के नाम तय होंगे। प्रत्येक नगर पालिका में पांच सभासद के नाम तय होंगे तथा नगर पंचायत स्तर पर तीन सभासदों का मनोनयन होगा। इसके लिये प्रत्येक निकाय से नाम आने हैं। पर्यवेक्षकों को और कोर कमेटी को ये बता दिया गया है कि जब वो नाम तय करें तो वो ये भी देख लें कि उस क्षेत्र में किस वर्ग का प्रतिनिधित्व नहीं है। नाम भेजते समय उस वर्ग के कार्यकर्ता को प्पेज एकप्राथमिकता देनी चाहिए।

### प्रस्तावित पार्षदों का नाम 30 जनवरी को कोर कमेटी कर देगी लिफाफे में बंद

करंट क्राइम। जो भी नाम कोर कमेटी द्वारा तय कर दिये जाएंगे वो नाम पर्यवेक्षकों के पास जाएंगे और पर्यवेक्षक जिला कोर कमेटी द्वारा मिले प्रस्तावित पार्षदों और सभासदों की सूची लिफाफे में बंद करके 30 जनवरी तक प्रदेश कार्यालय में जमा करा देंगे। ये भी बताया गया है कि जिलों में अपेक्षित श्रेणी वाली बैठक 30 जनवरी तक होनी है। प्रदेश में जो सूची पहुंचेगी वो 30 जनवरी की तारीख तय की गई है। हालांकि सूत्र बता रहे हैं कि यह तिथि आगे खिसक सकती है।

# महाकुंभ : मौनी अमावस्या पर सबसे बड़ा अमृत स्नान आज

## 10 करोड़ श्रद्धालुओं के आगमन का अनुमान

**प्रयागराज।** महाकुंभ पर्व पर आज मौनी अमावस्या पर सबसे बड़ा स्नान पर्व है। प्रशासन ने आम श्रद्धालुओं का ध्यान रखते हुए अखाड़ों के स्नान के समय में बदलाव किया है। मकर संक्रांति पर स्नान सुबह 6:15 बजे से शुरू हुआ था। सवा पांच बजे शिविर से निकलने की शुरूआत हुई थी। इस बार चार बजे ही शिविर से निकलना शुरू हो जाएगा। मकर संक्रांति पर सुबह ही अत्याधिक श्रद्धालु आ गए थे। यह देखते हुए समय में बदलाव किया गया है। तय किया गया है कि इस बार अखाड़े और पहले स्नान करें और शुरूआती वक्त में हालात काबू में रहें। मौनी अमावस्या के अमृत स्नान पर सभी 13 अखाड़े स्नान के लिए जाएंगे जबकि प्रशासन को 10 करोड़ के आसपास श्रद्धालुओं के आगमन का अनुमान है।

ऐसे में व्यवस्थाओं को लागू करने के लिए तमाम बदलाव किए जा रहे हैं। इसमें जोनल प्लान, सुरक्षा व्यवस्था को लागू करने से लेकर तमाम बदलाव होंगे। इसी में एक है अखाड़ों के स्नान के समय में बदलाव। मकर संक्रांति पर महानिवार्णी और अटल अखाड़ा सुबह 5:15 बजे शिविर से निकला था। वहीं इस बार अखाड़ा सुबह चार बजे ही शिविर से निकलेगा और सुबह 5:40 बजे तक स्नान पूरा कर लेगा।



## पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने संगम में किया स्नान

**प्रयागराज।** बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने महाकुंभ में डुबकी लगाने के बाद बोले, 'मैंने परमार्थ निकेतन आश्रम के प्रमुख स्वामी चिदानंद सरस्वती और हमारे सभी शिष्यों के साथ संगम में डुबकी लगाई। हमारे साथ करीब 40-50 विदेशी श्रद्धालुओं ने भी स्नान किया। मेरी पहली डुबकी हिंदू राष्ट्र के लिए थी, दूसरी बागेश्वर धाम के लिए थी, तीसरी बागेश्वर धाम के अनुयायियों के लिए थी, चौथी डुबकी हमारे सभी संतों और साधुओं की भलाई के लिए थी, और पांचवीं उन सभी लोगों की लंबी उम्र के लिए थी जो हमारे धर्म और दुनिया की भलाई के लिए प्रार्थना करते हैं।'

**महाकुंभ पहुंचे मंत्री एके शर्मा :** महाकुंभ पहुंचे उत्तर प्रदेश के मंत्री एके शर्मा ने कहा, 'हमें उम्मीद है कि कल प्रयागराज में 10-12 करोड़ लोग आएंगे। हमने सभी व्यवस्थाएं की हैं। ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम, एआई-सक्षम कैमरे, वाटर एटीएम, शौचालय आदि सहित सभी व्यवस्थाएं की हैं।'




**15 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र डुबकी लगाई :** मौनी अमावस्या के अवसर पर कल होने वाले दूसरे अमृत स्नान से पहले महाकुंभ मेला क्षेत्र, त्रिवेणी संगम के ड्रोन दृश्य लिया गया। 13 जनवरी को पौष पूर्णिमा से शुरू हुए महाकुंभ 2025 के पहले 15 दिनों में 15 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र डुबकी लगाई है।

**'सरकार और प्रशासन भी श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए तैयार' :** कल मौनी अमावस्या पर महाकुंभ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना पर यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा, ₹तैयारियां अच्छी हैं। सरकार और प्रशासन भी श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए तैयार है। मैं सभी विपक्षी नेताओं से आग्रह करता हूं कि वे जहरीले बयानों से बचें, जिससे लोगों की आस्था और विश्वास को ठेस पहुंचे।₹

**'ऐसा मेला विश्व में कहीं नहीं लगता है' :** श्री पंचायती अखाड़ा ( बड़ा उदासीन) के मुखिया दुगार्दास ने कहा कि महाकुम्भ 2025, प्रयागराज को संपूर्ण विश्व की धरोहर में अंकित किया गया है, ऐसा मेला विश्व में कहीं नहीं लगता है।

## अब तक 15 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

### मौनी अमावस्या से एक दिन पहले महास्नान के लिए उमड़ा रेला

**महाप्रयाग।** महाकुंभ मेले में श्रद्धालुओं का रेला उमड़ पड़ा है। संगम जाने वाले सभी मार्ग भीड़ से पट गए हैं। मौनी अमावस्या पर स्नान करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ इतनी बढ़ गई है कि पैदल चलने वाले भी रेंग रहे हैं। वह पैर तक पूरी तरह आगे नहीं बढ़ा पा रहे हैं। त्रिवेणी मार्ग, काली मार्ग के साथ शास्त्री ब्रिज, नाग वासुकि रोड, झूंसी रोड सभी मार्गों पर भयंकर भीड़ संगम की ओर बढ़ रही है। सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक बंदोबस्त किए गए हैं। बड़े वाहनों को शहर के बाहर रोक दिया गया है। 13 जनवरी पौष पूर्णिमा से लेकर मौनी अमावस्या के एक दिन पहले 28 जनवरी तक 15 करोड़ श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा चुके हैं। स्थिति यह है कि मंगलवार को दोपहर 12 बजे तक करीब एक करोड़ श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा चुके हैं। श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है।

वाराणसी से प्रयागराज आने वाले सभी प्रकार के वाहनों को अंदावां रिंग रोड के पास ही रोक दिया जा रहा है। इसी तरह कानपुर से आने वालों को नेहरू पार्क और लखनऊ, प्रतापगढ़ और गोरखपुर से आने वाले वाहनों को शांतिपुरम से पहले ही रोक दिया जा रहा है। बड़े वाहनों के साथ ही दोपहिया वाहनों को भी शहर में प्रवेश नहीं करने दिया जा रहा है। सिविल लाइंस सुभाष चौराहा, रोडवेज चौराहा के बाद मेडिकल चौराहा, सीएमपी डॉट पुल के सामने बैरिकेडिंग की गई है।



**मेला क्षेत्र बना नो व्हीकल जोन, व्यापक तैयारियां :** मेला प्रशासन और कुंभ पुलिस ने अमृत स्नान पर्व को देखते हुए व्यापक तैयारियां की हैं। पूरे मेला क्षेत्र को नो व्हीकल जोन घोषित किया गया है। संगम तटों पर बैरिकेडिंग का कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है, ताकि भीड़ नियंत्रण में रहे। श्रद्धालुओं की आवाजाही के लिए हर सेक्टर और जोन में विशेष व्यवस्था की गई है। इस दौरान किसी भी तरह का प्रोटोकॉल लागू नहीं होगा।

**आई ट्रिपलसी से भीड़ प्रबंधन पर नजर :** संगम नोज पर अत्यधिक भीड़ जमा न हो, इसके लिए (इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर) मॉनिटरिंग करेगा। भीड़ वाले इलाकों में त्वरित कदम उठाने के लिए विशेष दल तैनात किए गए हैं। प्रमुख मार्गों पर खास निगरानी की जा रही है। साथ ही, अराजक और संदिग्ध लोगों पर भी नजर रखी जा रही है।

**दो दिनों में करीब तीन करोड़ श्रद्धालुओं ने किया स्नान :** मौनी अमावस्या स्नान पर्व के चार दिन पहले से ही स्नानार्थियों में उत्साह दिखने लगा। रविवार और सोमवार को तो जनसैलाब उमड़ा। प्रशासन के आंकड़ों के अनुसार इन दो दिनों में करीब तीन करोड़ लोगों ने स्नान किया। इनमें से एक करोड़ 74 लाख श्रद्धालुओं ने रविवार को स्नान किया था।

### मौनी अमावस्या स्नान को लेकर लगेंगे पांच हजार अतिरिक्त पुलिसकर्मी

महाकुंभ में मौनी अमावस्या स्नान को देखते हुए मंगलवार से पांच हजार अतिरिक्त बल तैनात किया जाएगा। यह पुलिस बल विभिन्न चौराहों के अलावा शहर की सीमाओं पर तैनात रहेगा। इसमें यातायात पुलिस से लेकर सिविल पुलिसकर्मी शामिल हैं। बता दें कि शहर की सीमाओं पर लगभग 10 हजार पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। मौनी अमावस्या स्नान पर्व को लेकर बड़ी संख्या में देश-विदेश से श्रद्धालु दो दिन पहले से ही मेले में पहुंच रहे हैं। पिछले दो दिन के मुकाबले सोमवार को शाम से अचानक भीड़ बढ़ गई। भीड़ पर नियंत्रण पाने के लिए बैरिकेडिंग लगाई गई है। भीड़ इतनी ज्यादा बढ़ गई कि पुलिस असमर्थ दिखी। ऐसे में अब पुलिस लाइन में तैनात रिजर्व पुलिस की भी ड्यूटी लगा दी गई है।

## दिल्ली में सीएम योगी की पहली रैली

### महाकुंभ का जिक्र कर आप सरकार पर किया वार

**नई दिल्ली।** दिल्ली चुनाव में कुछ ही समय बचा है। ऐसे में सभी राजनीतिक पार्टियां जोर-शोर से तैयारियों में जुटी हैं। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किराड़ी विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी बजरंग शुक्ला के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने यूपी के प्रयागराज में हो रहे महाकुंभ का जिक्र कर आम आदमी पार्टी की सरकार और अरविंद केजरीवाल पर जमकर निशाना साधा।



योगी आदित्यनाथ ने यमुना के मुद्दे पर दिल्ली सरकार को घेरते हुए कहा कि कल आपने देखा होगा कि मेरे साथ प्रयागराज के संगम में 54 मंत्रियों ने डुबकी लगाई। एक मुख्यमंत्री के तौर पर अगर मैं और मेरे मंत्री संगम में डुबकी लगा सकते हैं, तो मैं आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल से पूछता हूं कि क्या वह भी यमुना जी में जाकर अपने मंत्रियों के साथ डुबकी लगा सकते हैं? इन्होंने (आप सरकार) यमुना को गंदे नाले में बदल दिया है। प्रयागराज में गंगा की अविरल धारा है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली की सड़कों पर गड्ढे हैं या गड्ढों में सड़कें हैं? ये कोई विकास का काम नहीं करना चाहते हैं। जनता को बुनियादी सुविधाएं मिलें, ये वो काम नहीं करना चाहते हैं। इनका तो एक ही कार्य है, प्रातः काल होते ही सोशल मीडिया पर ट्वीट करना। प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से लोगों को गुमराह करना। आप सपैठियों को आधार बांट रही है। रोहिंग्या को दिल्ली में बसाया जा रहा है।

यूपी सीएम ने कहा कि एनडीएमसी एरिया को हटा दिया जाए तो क्या स्थिति है दिल्ली की। एक वक्त था सुविधा के लिए लोग दिल्ली आते थे। मेट्रो देखने के लिए दिल्ली आते थे। सड़कें देखने के लिए दिल्ली आते थे, स्वास्थ्य सेवाएं देखने के लिए आते थे।

आज नोएडा की सड़कों को देखो। दिल्ली में कूड़े का ढेर लगा हुआ है। सीवर सड़कों पर बह रहे हैं। हमारे वाहन को भी उसी सड़क से आना पड़ा। दिल्ली में यमुना की स्थिति का खामियाजा मथुरा वृंदावन के लोगों को भी उठाना पड़ रहा है। यमुना की हालत खराब हो चुकी। अब मॉडल के रूप में लोग उत्तर प्रदेश को देख रहे हैं। इन्होंने ओखला इलाके में उद्योग तो नहीं लगाए, लेकिन बांग्लादेशीयो को बसाने का काम किया।

आपने देखा होगा 2020 में किस तरीके से सुनियोजित दिल्ली में दंगे कराए गए, आम आदमी पार्टी के पार्षद की किस तरह की भूमिका थी। उत्तर प्रदेश की जनसंख्या 25 करोड़ है और 24 घंटे बिजली देने का काम हमारी सरकार कर रही है। उत्तर प्रदेश में 3 यूनिट बिजली दी जा रही है और यहां पर 8 रुपये यूनिट बिजली दी जा रही है।

## गंगा में डुबकी लगाई मैंने और ठंड खड़गे जी को लग गई : गृह मंत्री अमित शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के उस बयान का पलटवार किया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि क्या गंगा में नहाने से गरीबी खत्म हो जाएगी? केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तंज भरे लहजे में कहा कि महाकुंभ में गंगा में डुबकी लगाई मैंने और ठंड खड़गे जी को लग गई। दिल्ली की कालकाजी विधानसभा क्षेत्र में एक जनसभा को संबोधित करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि कल मैंने महाकुंभ में गंगा की डुबकी लगाई। लेकिन, दुनिया में आपने ऐसा कहीं नहीं देखा होगा कि डुबकी मैंने लगाई और ठंड खड़गे जी को लग गई। वो कह रहे हैं कि अमित शाह के गंगा में डुबकी लगाने से गरीबों का भला नहीं होगा। खड़गे साहब, आपने पूरा जीवन डुबकी नहीं लगाई, लेकिन आपने गरीबों का क्या भला किया, ये तो बताई। मैं बताता हूं कि पीएम मोदी, भाजपा इस देश की परंपरा और आस्था में विश्वास करती है, इसलिए भव्य करतारपुर साहिब कॉरिडोर भी बनता है और महाकुंभ का मेला भी लगता है।



अमित शाह ने कहा कि 2019 में पीएम मोदी ने गंगा में डुबकी लगाई और देश के करोड़ों गरीबों को गैस कनेक्शन, शौचालय, बिजली, मुफ्त अनाज, मुफ्त इलाज समेत सारी सुविधाएं दीं। लेकिन, कांग्रेस पार्टी हमेशा सनातन धर्म का अपमान करती है। खड़गे साहब, आपको सनातन धर्म में श्रद्धा नहीं है तो कोई बात नहीं, लेकिन करोड़ों सनातनियों का मजाक मत उड़ाइए।

उन्होंने जनसभा के दौरान आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के 'यमुना में जहर' वाले बयान पर भी जवाब दिया।

उन्होंने केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि सोमवार को केजरीवाल ने जल बोर्ड की रिपोर्ट का हवाला देकर एक बयान दिया कि दिल्ली में जो यमुना का पानी आता है, उसमें हरियाणा सरकार ने जहर मिलाया है। जबकि, जल बोर्ड वालों ने कहा कि केजरीवाल झूठ बोल रहे हैं। केजरीवाल जी मैं आपसे तीन सवाल पूछता हूं। आपके पास जल बोर्ड की जो रिपोर्ट है, उसे सार्वजनिक कीजिए, हम जिम्मेदारी लेंगे। दूसरा- जहर मिलाया है तो कौन सा और किस तरह का जहर मिलाया है, वो दिल्ली की जनता को बताइए। तीसरा- आपने कहा कि हमने पानी को रोक दिया। इसलिए, दिल्ली बच गई। कालकाजी वालों, उन्होंने पानी रोक दिया। इसलिए आप सभी जिंदा हो। केजरीवाल जी, पानी रोकने का ऑर्डर कहां है, वो भी बताइए। दिल्ली की जनता जानना चाहती है।

अमित शाह ने कहा कि अन्ना हजारे के आंदोलन के दौरान इन्होंने (केजरीवाल) कहा था कि हम राजनीतिक लोग नहीं हैं, हम राजनीतिक पार्टी नहीं बनाएंगे, लेकिन इन्होंने पार्टी बनाई। इन्होंने कहा था कि हम कांग्रेस पार्टी का समर्थन नहीं लेंगे, कांग्रेस का समर्थन लिया। इन्होंने कहा था कि हम सिक्योरिटी, गाड़ी और बंगला नहीं लेंगे, इन्होंने सिक्योरिटी ली, गाड़ी ली और करोड़ों का शीश महल बनवाया।

उन्होंने कहा कि 5 फरवरी को दिल्ली वालों के लिए केजरीवाल की आप-दा से मुक्त होने का बहुत बड़ा मौका है। 5 फरवरी को कमल का बटन दबाइए और केजरीवाल की आप-दा से हमेशा के लिए मुक्ति पाइए। केजरीवाल की सरकार झूठ, फरेब, वादाखिलाफी और भ्रष्टाचार की सरकार है।

### प्रयागराज के लिए निकले लोगों को रास्ते में मिला भारी जाम

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर संगम स्नान करने के लिए देशभर से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। एक अनुमान के अनुसार, मौनी अमावस्या के दिन प्रयागराज में करीब 8-10 करोड़ लोग स्नान करेंगे। प्रयागराज में पहले से ही लाखों की तादाद में श्रद्धालु हैं। ऐसे में इतनी भीड़ अगर यहां पर पहुंचती है तो प्रशासन के लिए इसे संभालना भी एक चुनौती है। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन अपने स्तर पर प्रयास कर रहा है ताकि स्थिति शांतिपूर्ण बनी रहे। दूसरी तरफ, बिहार के रोहतास और कैमूर जिलों में भारी जाम की समस्या देखने को मिली है। बताया जा रहा है कि उत्तर प्रदेश-बिहार बॉर्डर पर प्रशासन ने बिहार से भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी है जिसकी वजह से दिल्ली-कोलकाता हाईवे पर भीषण जाम लग गया है। इसका असर बिहार के कैमूर जिले के मोहनिया-पटना मोड़ पर भी देखने को मिल रहा है। यहां पर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद हैं और जाम को खुलवाने का प्रयास कर रहे हैं। मोहनिया के डीएसपी प्रदीप कुमार ने बताया कि प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में भारी संख्या में श्रद्धालु जा रहे हैं।

## दिल्ली के बुराड़ी में गिरी चार मंजिला इमारत

### दो लड़कियों की मौत, 13 लोगों को किया गया रेस्क्यू

नई दिल्ली। बुराड़ी के कौशिक एंक्लेव क्षेत्र में बीती शाम एक निमार्णाधीन चार मंजिला इमारत जमींदोज हो गई। घटना के समय इमारत में मजदूर और उनके परिवार के करीब दस से 15 लोग मौजूद थे। पुलिस के अलावा दमकल विभाग, आपदा प्रबंधन, नगर निगम समेत अन्य बचाव दल मौके पर पहुंचे। वहीं इस हादसे पर मुख्यमंत्री आतिशी ने दुख जताया है।



**बुराड़ी हादसे में अब तक दो की मौत :** बुराड़ी हादसे में अब तक दो की मौत हो चुकी है। तो वहीं इमारत गिरने से कई लोग दबे थे, जिनको बुराड़ी के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अब तक 13 लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बुराड़ी हादसे में सात साल की बच्ची राधिका की मौत हो गई है। वहीं साधना नाम की एक 17 साल की युवती की मौत हो गई है। इमारत गिरने से 12 लोग घायल है, जिनको बुराड़ी सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसमें से पांच घायलों को ट्रामा में भर्ती कराया गया है।

एक बच्ची 7 साल की जिसका नाम राधिका है। उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। उसे भी सरकारी अस्पताल लाया गया है। जहां पुलिस ने मृतक का पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बचाव दल के मौके पर पहुंचने से पहले ही स्थानीय लोगों ने मलबे में फंसे चार लोगों को बाहर निकाल लिया। उनको नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। स्थानीय लोगों के साथ बचाव दल राहत कार्य में जुटा हुआ है। देर रात छह और लोगों को मलबे से निकालकर अस्पताल भेज दिया गया है। कई और लोग मलबे में फंसे हो सकते हैं।

उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त राजा बंठिया ने बताया कि सोमवार शाम करीब 6.30 बजे पुलिस को बुराड़ी के कौशिक एन्क्लेव में एक चार मंजिला निमार्णाधीन इमारत के गिरने की जानकारी मिली।

## 38वां राष्ट्रीय खेलों का हुआ आगाज, 10 हजार खिलाड़ी करेंगे शिरकत, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया उद्घाटन

**देहरादून।** देश में खेलों के सबसे बड़े आयोजन 38वें राष्ट्रीय खेल का आगाज आधिकारिक रूप से मंगलवार को हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन खेलों का उद्घाटन किया। 32 खेलों में 10 हजार से अधिक खिलाड़ियों के बीच 14 फरवरी तक इन खेलों में श्रेष्ठता की होड़ रहेगी। हालांकि कई बड़े नाम इन खेलों का हिस्सा नहीं होंगे, लेकिन इन खेलों के जरिये नए नाम और नई प्रतिभाएं राष्ट्रीय खेल पटल पर छाने को तैयार हैं। खेलों में 38 टीमों के बीच पदक की होड़ रहेगी।





**सात शहरों में होंगे खेल :** खिलाड़ियों की संख्या को देखते हुए यह विश्व के सबसे बड़े खेल आयोजनों में से एक है। ये खेल उत्तराखंड के देहरादून, हरिद्वार, नैनीताल, हल्द्वानी, रुद्रपुर, शिवपुरी और न्यू टिहरी में आयोजित किए जाएंगे। 2023 में गोवा में हुए राष्ट्रीय खेल पांच शहरों में आयोजित हुए थे। उत्तराखंड की राजकीय पक्षी मोनल से प्रेरित मौली इन खेलों की शुभंकर है। एथलेटिक्स, तैराकी, शूटिंग, कुश्ती, बैडमिंटन, हॉकी, बॉक्सिंग, वेटलिफ्टिंग, फुटबाल, टेनिस, टेबल टेनिस के अलावा खो-खो, कबड्डी इन खेलों के प्रमुख खेल हैं। कलारीपयट्ट, योगासन, मलखंब, राफ्टिंग प्रदर्शनी खेल होंगे।

**लवलीना, स्वप्निल होंगे खेलों का हिस्सा :** नीरज चोपड़ा, मनु भाकर, ईशा सिंह को छोड़कर इन खेलों में ओलंपिक पदक विजेता बॉक्सर लवलीना, शूटर स्वप्निल कुसाले, सरबजोत सिंह, विजय कुमार इन खेलों में नजर आएंगे। धाविका ज्योति याराजी, शूटर रुद्रांक्ष पाटिल भी खेलों का हिस्सा होंगे। गोवा में 230 पदक जीतकर पदक तालिका में पहले स्थान पर रहने वाले महाराष्ट्र का 600 से अधिक खिलाड़ियों का सबसे बड़ा दल होगा।

खिलाड़ियों की सुरक्षा और उत्पीड़न को रोकने के लिए भारतीय ओलंपिक संघ और आयोजन समिति ने एक टेलीफोन हेल्पलाइन शुरू की है। अध्यक्ष पीटी उषा ने बताया कि इसके लिए नीतल नारंग की अगुवाई में एक समिति भी गठित की गई है, जिसकी सदस्य दीपा मेहता होंगी।

## जनवरी में सामान्य से 81 फीसदी कम बरसे बादल

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में 1 से 28 जनवरी तक सामान्य से 81 फीसदी कम बारिश दर्ज की गई है। इस अवधि के लिए 75.5 मिलीमीटर बारिश को सामान्य माना गया लेकिन वास्तव में 14.7 मिलीमीटर बारिश ही दर्ज की गई। बिलासपुर में सामान्य से 94, चंबा 83, हमीरपुर 93, कांगड़ा 93, किन्नौर 92, कुल्लू 73, लाहौल-स्पीति 71, मंडी 83, शिमला 79, सिरमौर 78, सोलन 92 व ऊना में 95 फीसदी कम बारिश हुई है। किसान-बागवान, पर्यटन कारोबारी काफी समय से अच्छी बारिश-बर्फबारी का इंतजार कर रहे हैं। उधर, मौसम विभाग ने राज्य के कई भागों में छह दिन बारिश-बर्फबारी का पूवार्नुमान जताया है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान राज्य में शुष्क मौसम रहने की संभावना है। आज राजधानी शिमला में भी धूप खिली हुई है। 29-30 जनवरी, 2 और 3 फरवरी को राज्य के मध्य व उच्च पर्वतीय कुछ स्थानों पर हल्की बारिश-बर्फबारी होने का पूवार्नुमान है। जबकि 31 जनवरी और 1 फरवरी को मध्य व उच्च पर्वतीय भागों में मध्यम बारिश-बर्फबारी होने के आसार हैं।



**संबंध - विच्छेद**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र धीरज शर्मा पुत्र श्री कान्ती प्रसाद निवासी म०नं० 103 ग्रेटर गंगा नगर, जिला मेरठ अपने पुत्र के कृत्यों से तंग व परेशान होकर अपने परिवार सहित अपने समस्त रिश्ते नाते समाप्त कर दिये हैं तथा अपने पुत्र धीरज शर्मा को उसके परिवार सहित अपने से, अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब भविष्य में धीरज शर्मा परिवार सहित द्वारा किये गये किसी भी लेनदेन या व्यवहार अथवा कृत्य के लिये वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा या मेरे परिवार का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा।
धन्यवाद

कांती प्रसाद शर्मा पुत्र स्व श्री कुंवर पाल शर्मा
निवासी म स. 221. करहेडा कालोनी. मोहन नगर.
थाना साहिबाबाद जनपद गाजियाबाद

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली | बुधवार 29 जनवरी -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# भाजपा देशभर में चलाएगी अटल स्मृति संकलन एवं संपर्क अभियान

## 15 फरवरी से 15 मार्च तक चलेगा अटल विरासत सम्मेलन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई को याद करते हुए 31 जनवरी से अटल स्मृति संकलन एवं संपर्क अभियान 2025 की शुरूआत करेगी। इसके तहत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई से जुड़ी प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से कोई जानकारी सार्वजनिक करेगी, ऐसे लोगों का भारतीय जनता पार्टी की ओर से नाम, पता, फोटो और दस्तावेज लिए जाएंगे। इन लोगों को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता निकट भविष्य में सम्मानित करेंगे और पार्टी से जोड़ने का भी प्रयास करेंगे। इसके साथ ही श्रद्धेय अटल के स्मारक श्रद्धांजलि एवं प्रार्थना सभा का आयोजन भी किया जाएगा।

जिसमें भारत के राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राष्ट्रीय अध्यक्ष, केंद्रीय मंत्री सहित एनडीए के अन्य नेताओं और व्यक्तियों को भी सभा में शामिल किया जाएगा। मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के नेहरू नगर स्थित कार्यालय पर सदर विधायक और महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा व इस कार्यक्रम की जिम्मेदारी संभालने वाले बॉबी त्यागी ने पत्रकारों को महत्वपूर्ण जानकारी दी।



भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई को श्रद्धांजलि देने के लिए भाजपा ने शुरू किया नया कार्यक्रम



### अटल विरासत सम्मेलन एक माह तक होगा आयोजित

**करंट क्राइम :** अटल स्मृति संकलन एवं संपर्क अभियान को भारतीय जनता पार्टी एक बड़े आयाम के रूप में स्थापित करने वाली है ताकि इसमें युवाओं से लेकर गृहणियों और ऑफिस वर्कर्स से लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, भारतीय जनता पार्टी, जनसंघ और अन्य राजनीतिक दल जो अटल जी से प्रेरित रहे हैं उनको सूचीबद्ध करने का काम और सम्मानित करने का भी आयोजन किया जाएगा। वहीं सदर विधायक और महानगर भाजपा अध्यक्ष संजीव शर्मा ने जानकारी दी है कि इस कार्यक्रम के पश्चात 15 फरवरी से 15 मार्च 2025 के बीच हर जिले में अटल विरासत सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जिले के प्रबुद्धजन, सूचीबद्ध, विशिष्ट जन अटल जी के सभी प्रशंसक आमंत्रित किए जाएंगे।

### भविष्य में बनेगी डिजिटल फिल्म या बायोग्राफी

**करंट क्राइम :** भारतीय जनता पार्टी के सूत्रों से जानकारी मिली है कि अटल जी की याद में शुरू किया जा रहे अटल स्मृति संकलन एवं संपर्क अभियान 2025 का मकसद भविष्य में भारत रत्न से सम्मानित पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की कोई या तो बायोग्राफी तैयार की जाएगी या कोई डिजिटल फिल्म बनाई जाएगी। जिसका संदेश जन-जन तक पहुंचा जा सके। मंगलवार को भाजपा कार्यालय पर महानगर अध्यक्ष सदर विधायक संजीव शर्मा के साथ इस कार्यक्रम की मुख्यरूप से जिम्मेदारी व प्रभारी की भूमिका निभाने वाले बॉबी त्यागी, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, करण शर्मा महिम सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### कार्यकर्ताओं का होगा सम्मान और जोड़ी जाएंगी अटल जी की पुरानी यादें

**करंट क्राइम :** भारतीय जनता पार्टी द्वारा अटल विरासत सम्मेलन को सफल बनाने के लिए सम्मेलन में अटल जी के साथ कार्य कर चुके वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान होगा। तो वहीं अटल जी के व्यक्तित्व एवं अन्य व्यक्ति पर हमारे जिले में जो भी लेख या पुस्तक लिखी गई हैं, उनके लेखकों को सम्मानित किया जाएगा। समस्त स्मृतियों को जानकारी का डिजिटलीकरण प्रस्तुत किया जाएगा। इस सम्मेलन में सदैव अटल जी के कार्यक्रम में हमारे प्रदेश में उनकी प्रेरणा से शुरू हुए विशेष योजनाओं का भी विस्तृत रूप से प्रस्तुतीकरण होगा। इसके साथ ही प्रेसवार्ता के माध्यम से प्रत्येक जिले में उन सभी पुण्य जनों का आवाहन किया जाएगा, जिनके पास अटल जी से जुड़ी कोई भी स्मृति कला, ऑडियो-वीडियो में अन्य ऐसी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष यादें हैं ,जो पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई से जुड़ी हुई हैं।

# अवैध बस्ती खाली कराने के बाद विधायक संजीव शर्मा ने ग्रीन पर्यावरण की दिशा में उठाया कदम

## सेना की जमीन पर वन विभाग लगाएगा पौधे और जमीनप पर होगी हरियाली

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शहर विधायक संजीव शर्मा ने चांदमारी की उस जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराया जो तीस सालों से खाली नहीं हो रही थी। वो रक्षामंत्री से मिले। उन्होंने अतिक्रमण दस्ते को बुलाया और फिर सेना की जमीन को कब्जामुक्त कराया। ये शहर विधायक का एक कद भी हो सकता है कि अब सेना उन्हें अपनी कार्यवाही से अवगत कराकर चल रही है। मेरठ केंट से सेना के रक्षा संपदा अधिकारी का पत्र शहर विधायक संजीव शर्मा के पास आ गया है और सेना अपनी जमीन पर वृक्षारोपण करवाने के प्रस्ताव पर विचार कर रही है और शहर विधायक को इससे अवगत कराया गया है।

रक्षा संपदा अधिकारी ने शहर विधायक संजीव शर्मा को उनके द्वारा लिखे गये 23 जनवरी को लिखे गए पत्र का हवाला दिया है। बताया है कि प्रभागीय वन अधिकारी ने भारत सरकार रक्षा मंत्रालय के स्वामित्व की रक्षाभूमि पर पौधारोपण करने हेतु प्रस्ताव भेजा था। यह जमीन 161.5116 एकड़ है। पौधारोपण इसलिए हो रहा है ताकि रक्षाभूमि पर पुनः अतिक्रमण न हो पाए। घनी आबादी के बीच बड़े क्षेत्रफल पर वृक्षारोपण होने की स्थिति में वातावरण संतुलन को भी बढ़ावा मिलेगा और गाजियाबाद शहर को प्रदूषण से भी राहत मिलने की संभावना है। पत्र में यह भी स्पष्ट किया गया है कि पौधारोपण के पश्चात भी रक्षाभूमि तथा वन विभाग द्वारा लगाए गए वृक्षों पर रक्षा विभाग का ही स्वामित्व रहेगा। सेना ने शहर विधायक संजीव शर्मा को अवगत कराया है कि रक्षा भूमि पर वृहद स्तर पर पौधारोपण हेतु उचित स्तर पर संपर्क कर वन विभाग गाजियाबाद से समन्वय स्थापित करें और वृक्षारोपण करवाने की कृपा करें।




### झुग्गी-बस्ती के बाद अब सेना की जमीन पर हो रही अवैध खेती पर भी लगेगी लगाम

**करंट क्राइम।** चांदमारी की अवैध झुग्गी-बस्ती हटाए जाने के बाद अब शहर विधायक संजीव शर्मा ने उस जमीन से भी अवैध कब्जा हटाने के लिये एक्शन लिया है जो रक्षा विभाग की है और इस पर खेती हो रही है। सामाजिक वाणिकी प्रभाग के प्रभागीय निदेशक ने 27 जनवरी को सेना को लेटर लिखा और सूचित किया कि रक्षा विभाग मलबा तथा खेती हो रहे क्षेत्रों को खाली कराकर उनके कार्यालय को अवगत कराए ताकि अग्रिम कार्यवाही की जा सके। सेना ने भी रेंजर वन विभाग के साथ 24 जनवरी को यहां संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण किया। जिसमें पाया गया कि खेती आदि कर रहे लोग स्वतः हटने को तयार हैं। यदि वन विभाग रक्षा भूमि में तारबंदी आदि का कार्य शुरू करता है तो लोग स्वयं ही अपना मलबा हटा सकते हैं। अगर वो ऐसा नहीं करेंगे तो फिर सेना मलबा हटाने के लिये उचित कार्यवाही करेगी। लिहाजा अब शहर विधायक संजीव शर्मा की पहल के बाद रक्षा भूमि पर बड़े स्तर पर पौधारोपण होगा और यहां आने वाले समय में हरियाली दिखाई देगी।

# पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने लिखा ज्वाइंट पार्लियामेंट कमेटी वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष को लैटर

## विस्थापित पंजाबियों के लिये मांगा संपत्ति में हिस्सा और बताया उन्हें विभाजन का मेटर

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व पार्षद हिमांशु लव अक्सर मुद्दे उठाते हैं। वो पंजाबी समाज की आवाज को प्रमुखता से उठाते हैं। उन्होंने कुछ दिन पहले पाकिस्तान से विस्थापित होकर आए पंजाबियों को वक्फ बोर्ड की संपत्ति में हिस्सा दिये जाने की मांग की। वो लगातार इस आवाज को उठा रहे हैं। अब उन्होंने ज्वाइंट पार्लियामेंट कमेटी वक्फ बोर्ड अध्यक्ष तथा लोकसभा सांसद जगदंबिगा पाल को पत्र लिखा है।

हिमांशु लव ने अपने पत्र में लिखा कि भाजपा सरकार के द्वारा वक्फ बोर्ड की नियमावली में संशोधन हेतु एक ज्वाइंट संसदीय कमेटी का गठन किया गया है। जिसके आप अध्यक्ष हैं। इस पत्र के माध्यम से मैं आपका ध्यान वक्फ बोर्ड में किये जा रहे संसोधन के साथ एक और संसोधन की मांग की तरफ दिलाना चाहता हूं। हिमांशु लव ने अपने पत्र में लिखा कि 1947 में देश का बंटवारा नहीं बल्कि पंजाब प्रांत का बंटवारा था। उस समय आने वाले विस्थापितों में बहुसंख्यक पंजाबी थे। उनमें से मुश्किल से 15 प्रतिशत तो अपनी संपत्ति के



कागजात साथ ला पाये थे और 85 प्रतिशत अपनी जान बचाकर खाली हाथ ही भारत आए। जिनको यहां आने पर किसी प्रकार का कोई क्लेम नहीं मिल पाया। यहां से जाने वाले मुसलमानों की संपत्ति को वक्फ बोर्ड ने अपनी संपत्ति घोषित कर दी। इस प्रकार वर्तमान वक्फ बोर्ड की संपत्ति में 1947 में आए हुए उन पंजाबी हिंदुओं का भी हिस्सा बनता है। क्योंकि 1947 और उसके बाद से लेकर आज तक पाकिस्तान में छोड़कर आई हुई संपत्ति का कोई क्लेम नहीं मिला इसलिए वर्तमान वक्फ बोर्ड की संपत्ति में उनका भी हिस्सा बनता और उनको भी मिलना चाहिए।

पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने अपने लेटर में पूरा मेटर लिखा और ये निवेदन किया है कि आगामी बजट सत्र में प्रस्तुत होने वाले वक्फ बोर्ड के संशोधन बिल में पंजाबियों की इस मांग को भी शामिल किया जाए और भारत सरकार तथा संयुक्त संसदीय कमेटी इस विषय पर ध्यान देते हुए पंजाबियों को उनका हक दिलाने का पूरा प्रयास करें।

# कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान पर भड़के वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश साधना

## कहा- सनातन के खिलाफ बोलकर कांग्रेस ने दिया अपनी मानसिकता का परिचय

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कुंभ को लेकर बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि क्या कुंभ में नहाने से गरीबी दूर हो जाएगी। भाजपा ने इस बयान को हिंदुत्व पर चोट बताया है और भाजपा के नेता इसकी आलोचना कर रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता जगदीश साधना ने कांग्रेस अध्यक्ष के इस बयान की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि जिस कुंभ में देश और विदेश से करोड़ों लोग आस्था की डुबकी लगाने आ रहे हैं। जिस कुंभ में करोड़ों लोग सनातन धर्म के प्रति आस्था लेकर पूजा-अर्चना कर रहे हैं। उस कुंभ की पावनता पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बड़ा सवाल खड़ा किया है। जगदीश साधना ने कहा कि यह एक सवाल नहीं है अपितु करोड़ों हिंदुओं की आस्था पर चोट है। जो लोग देश और विदेश के कौने से आए हैं क्या वो सब यहां अपनी गरीबी दूर करने आए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की मानसिकता हमेशा से हिंदुत्व को नीचा दिखाने की रही है। हमारे देश की आस्था जिस कुंभ से जुड़ी है उस आस्था पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तंज कस रहे हैं। जगदीश साधना ने उनके इस बयान की निंदा करते हुए कहा कि मैं देश के करोड़ों आस्थावान सनातनी हिंदुओं के साथ हूं। हम अपनी आस्था अपने धर्म पर कोई टिप्पणी बर्दाश्त नहीं करेंगे। सनातन के खिलाफ बोलकर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपनी मानसिकता का परिचयत दिया है। जगदीश साधना ने मल्लिकार्जुन खड़गे के इस बयान की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि ऐसे व्यक्ति का सामाजिक बहिष्कार किया जाना चाहिए।



# नियंत्रणहीन, गैरजिम्मेदार सोशल मीडिया सच में भस्मासुर बन गया है : बालेश्वर त्यागी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोक शक्ति, लोकतंत्र का बड़ा महत्वपूर्ण और प्रभावी शस्त्र है। लोकशक्ति का प्रकटीकरण चुनावों के माध्यम से तो होता ही है लेकिन चुनावों से इतर बड़े विशाल प्रदर्शनों के माध्यम से लोक शक्ति का प्रदर्शन होता था। इसके माध्यम से बड़ी से बड़ी शक्तिशाली सत्ता को अपनी बात मानने पर विवश किया जा सकता है। भारत में राजनेता इसका समय-समय पर उपयोग करते रहे हैं। विपक्ष तो इसका उपयोग करता ही है सत्ता पक्ष में श्रीमती इंदिरा गांधी जी समय-समय पर इसका उपयोग करती थीं। जब उन्हें संदेश देना आवश्यक लगता था कि देश को खास तौर से विपक्ष को कि देश की जनता मेरे साथ है तब बड़े प्रदर्शनों का आयोजन करती थीं।



> **"मुझे याद है भाजपा हर उस मुद्दे पर जिससे वह असहमत होती थी, उस पर बड़ी सभाओं का आयोजन होता था। भाजपा के पास तो श्री अटल बिहारी वाजपेई से लेकर सुषमा स्वराज्य तक वक्ताओं की लंबी शृंखला थी। अन्य विपक्ष में भी बहुत से ऐसे नेता थे जो अपनी वक्तत्व शक्ति से लोगों को प्रभावित करता था। चंद्रशेखर जी, जार्ज फडणवीस, मधुलिमय, मधु दंडवते जैसे कई नेता थे जो लोग इनके भाषण सुनने जाते थे। लोकशक्ति को जगाने के लिए जनसभाएं एक बड़ा और सशक्त माध्यम होती थीं। जनसभा, आंदोलन और चुनाव कार्यकर्ता निर्माण की कार्यशाला होती थी।**

मुझे याद है भाजपा हर उस मुद्दे पर जिससे वह असहमत होती थी, उस पर बड़ी सभाओं का आयोजन होता था। भाजपा के पास तो श्री अटल बिहारी वाजपेई से लेकर सुषमा स्वराज्य तक वक्ताओं की लंबी शृंखला थी। अन्य विपक्ष में भी बहुत से ऐसे नेता थे जो अपनी वक्तत्व शक्ति से लोगों को प्रभावित करता था। चंद्रशेखर जी, जार्ज फडणवीस, मधुलिमय, मधु दंडवते जैसे कई नेता थे जो लोग इनके भाषण सुनने जाते थे। लोकशक्ति को जगाने के लिए जनसभाएं एक बड़ा और सशक्त माध्यम होती थीं। जनसभा, आंदोलन और चुनाव कार्यकर्ता निर्माण की कार्यशाला होती थी।

समय परिवर्तन के साथ राजनीति के तरीके बदले, लोकशक्ति को जगाने में अशक्त लोगों ने लोकशक्ति को थपकी देकर सुलाने के प्रयास किए। मीडिया जिसकी सशक्त भूमिका थी, उसके धन आधारित हो जाने के कारण लोक जागरण का ये माध्यम भी अपनी निष्पक्षता को खो बैठे। पुरानी सारी व्यवस्थाओं के विकल्प में सोशल मीडिया का जिन्न बोतल से बाहर हो गया। मुझे याद है कि प्रलयंकर के 25 वर्ष पूरा होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में इसकी चेतावनी 1986-87 माननीय अटल बिहारी वाजपेयी ने गाजियाबाद में दी थी। नियंत्रण हीन, गैरजिम्मेदार, असत्य और कुछ भी प्रचारित-प्रसारित करने वाला सोशल मीडिया सच में भस्मासुर बन गया है। अब तो सम्पन्न राजनीतिक दल इसके लिए किराए पर आदमी रखकर सोशल मीडिया में अपने पक्ष में अभियान चलाते हैं। धीरे-धीरे राजनीति धन आधारित होती जा रही है। एक समय था जब त्यागी तपस्वी व्यक्ति राजनीति में सम्मान प्रतिष्ठा पाता था। अब वह साधनों के अभाव में अप्रासंगिक होता जा रहा है।

भारत में ट्रंप जैसे बड़े व्यवसायी को देश का प्रधानमंत्री बनने की कल्पना नहीं की जा सकती थी लेकिन अब किसी दिन ये भी संभव होने वाला है क्योंकि अब किसी में राजनीति के इस प्रवाह को रोकने की सामर्थ्य दिखती नहीं है। धीरे-धीरे राजनीति एक ही दिशा में बढ़ चली है।

# 30 जनवरी के बाद ही होगी महानगर अध्यक्ष की घोषणा

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा महानगर अध्यक्ष की घोषणा का सस्पेंस अभी बरकरार है। पहले ये माना जा रहा था कि ये घोषणा 26 जनवरी से पहले ही हो जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उसके बाद ये एक कयास था कि 30 जनवरी तक अध्यक्ष की घोषणा हो जाएगी। इसके पीछे ये तर्क दिया जा रहा था कि नये अध्यक्ष के बाद ही लिस्ट के नए नाम जाएंगे। करंट क्राइम ने पहले ही प्रकाशित किया था कि जाते-जाते अध्यक्ष आते-आते नामितों के नाम देकर जाएंगे। फिलहाल ऐसा ही होता दिखाई दे रहा है। सूत्र बता रहे हैं कि अब 30 जनवरी के बाद ही महानगर अध्यक्ष की घोषणा होगी। सूत्र बताते हैं कि आज कल और परसों ये घोषणा नहीं होने जा रही है। ये भी सकता है कि फरवरी महीने में नए अध्यक्ष की घोषणा हो। उसका कारण प्रयागराज में चल रहा महाकुंभ और दिल्ली का चुनाव बताया जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि नामित वाली जो सूची तैयार हो रही है उसके इफैक्ट इस घोषणा पर नहीं पड़ेगे। फिलहाल अभी दावेदारों को और इंतजार करना पड़ सकता है। ना लिफाफे में बंद हैं और केवल घोषणा का इंतजार हो रहा है। फिलहाल सूची अभी सस्पेंस मोड में हैं। दावेदार लगातार इंतजार कर रहे हैं। वो अपने-अपने संपर्कों में इस बात को भी टटोल रहे हैं कि लिस्ट में आखिर किसका नाम हैं। गोपनीय रखने वाले भी बड़ी चतुराई से वो नाम छिपाए हुए हैं। वो भी इस गेम में पूरा सस्पेंस, पूरा रोमांच बनाए हुए हैं। फिलहाल ये उम्मीद है कि 30 जनवरी के बाद ही महानगर अध्यक्ष की घोषणा होगी।



# गजब का है एसीपी साहब और एसएचओ का साथ तीसरी बार बना है एक साथ पोस्टिंग का संयोग

### - पुलिस कमिश्नरेट में हो रही है चर्चा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में 26 जनवरी को चार एसीपी स्तर के अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। जिसके बाद एसीपी इंदिरापुरम रहे स्वतंत्र सिंह को कवि नगर सर्किल की नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। यहां पर उनके कवि नगर थाना प्रभारी योगेंद्र मलिक हैं। इससे पहले भी योगेंद्र मलिक और एसीपी स्वतंत्र सिंह दो अन्य सर्किलों में एक साथ पोस्टिंग पर रह चुके हैं। अब यह महज संयोग है या दोनों के बीच चला आ रहा कोई पुराना साथ है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में इसकी चर्चा हो रही है। वैसे दोनों की वर्किंग स्टाइल और काम करने का तरीका जुदा है लेकिन सूत्र बताते हैं कि दोनों बेहतर तालमेल के साथ काम करते हैं और अपराध पर परिणाम भी देते हैं।





### विजयनगर से लेकर खोड़ा तक किया है साथ में काम

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम बनने से पहले स्वतंत्र सिंह घंटाघर कोतवाली के क्षेत्राधिकार थे। उस वक्त उनके इलाके में विजन नगर और घंटाघर थाना आता था, उस वक्त विजयनगर थाने पर योगेंद्र मलिक तैनात थे। कुछ समय बाद स्वतंत्र सिंह का तबादला घंटाघर कोतवाली से साहिबाबाद सीओ पद पर हुआ और साहिबाबाद में कुछ समय बिताने के बाद वह पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम बनने के बाद एसीपी इंदिरापुरम बने। उस वक्त खोड़ा थाने के प्रभारी योगेंद्र मलिक थे, योगेंद्र मलिक का तबादला विजय नगर से खोड़ा हुआ था और दोनों ने एक साथ लंबे समय तक काम किया था। सूत्र बता रहे हैं कि यह तीसरा मौका है जब एसीपी स्वतंत्र सिंह और इंस्पेक्टर योगेंद्र मलिक एक साथ एक ही सर्किल में काम करते हुए नजर आ रहे हैं। कहा जा रहा है कि इस बार भी दोनों की पारी लंबी ही रहेगी।

## संपादकीय

# नहीं मिलेगी मदद

अमेरिकी राष्ट्रपति ने शपथ ग्रहण के तुरंत बाद दिए ऑर्डर में सहायता रोकने का आदेश दिया जिससे विकासशील देशों में तनाव है। इस फैसले के असर से भारत और अफ्रीकी देशों पर प्रभाव पड़ सकता है। अमेरिकी सरकार इस कदम की समीक्षा करेगी।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने शपथ ग्रहण के ठीक बाद ही थोक भाव से जिन एक्जीक्युटिव ऑर्डर्स पर दस्तखत किए, उनका असर सामने आने लगा है। ऐसे ही एक आदेश पर अमल करते हुए अमेरिका की एजेंसी फॉर इंटरनैशनल डिवेलपमेंट (वरअक्ऊ) ने दुनिया के तमाम देशों को विभिन्न प्रॉजेक्ट्स के लिए दी जाने वाली सहायता तत्काल प्रभाव से रोक दी है। इसने स्वाभाविक ही विकासशील देशों में बेचैनी पैदा की है।

**यू-टर्न की वजह :** यह फैसला इस बात का अच्छा उदाहरण है कि किसी देश की नीतियों में आमूल-चूल बदलाव के लिए राष्ट्रहित बदलना जरूरी नहीं होता, राष्ट्रहित की समझ बदलना, उसकी परिभाषा बदलना भी काफी होता है। ट्रंप प्रशासन की अगुआई में लिए गए इस यू-टर्न के पीछे भी वजह यही है कि अमेरिका का राष्ट्रीय हित तय करने वाली दृष्टि बदल गई है।

**राष्ट्रहित के नए मायने :** अगर वित्त वर्ष 2023 में अमेरिकी सरकार ने दुनिया भर में 72 बिलियन डॉलर की सहायता राशि वितरित की, तो वह राष्ट्रीय हितों के विपरीत जाकर लिया गया फैसला नहीं था। इन सहायता राशियों के साथ कई तरह की शर्तें जुड़ी होती थीं जिनसे अमेरिकी हितों की रक्षा सुनिश्चित होती थी। लेकिन नई सरकार ने तय किया कि अमेरिका की बेहतर छवि, उसकी अच्छी साख को वह राष्ट्रहित के लिहाज से उतना महत्वपूर्ण नहीं मानेगी जितना पैसों की शक्ल में होने वाले लेनदेन को।

**असर का दायरा :** जहां तक भारत की बात है तो 2004 में ही सरकार ने फैसला कर लिया था कि वह विदेश से ऐसी सहायता स्वीकार नहीं करेगी, जिसके साथ ज्यादा शर्तें जुड़ी हों। इस फैसले के बाद धीरे-धीरे भारत आने वाली ऐसी सहायता राशि कम होने लगी। 2023 में वरअक्ऊसे मिली कुल रकम 201.88 मिलियन डॉलर थी, जो 2024 में और घटकर 159.6 मिलियन डॉलर रह गई। फिर भी थोड़ा-बहुत असर इस तरह के प्रॉजेक्ट्स पर पड़ने से इनकार नहीं किया जा सकता। लेकिन अफ्रीकी देशों और एशिया के बांग्लादेश जैसे मुल्कों पर इस फैसले का गहरा असर होने वाला है। **पुनर्विचार की गुंजाइश :** वैसे, अमेरिकी सरकार भी अपने इस कदम के प्रभावों की समीक्षा करेगी। फिलहाल यह रोक 90 दिनों के लिए है। वहां भी इस फैसले के खिलाफ आवाजें उठ रही हैं। ऐसे में देखना होगा कि ट्रंप सरकार इस फैसले पर अमल को लेकर आखिरकार किस तरह का रुख अपनाती है।

# अगले 7 वर्षों में ओडिशा में 70,000 करोड़ रुपये निवेश करेगा जिंदल ग्रुप

## टाटा स्टील भी बढ़ाएगी क्षमता



**भुवनेश्वर।** जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड (जेएसपीएल) ने मंगलवार को ऐलान किया कि वह अगले 6 से 7 वर्षों में ओडिशा में 70,000 करोड़ रुपये निवेश करेगी। इसके साथ ही टाटा स्टील ने भी अपनी स्टील उत्पादन क्षमता 10 मिलियन टन बढ़ाने की घोषणा की है। उत्कर्ष ओडिशा मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव-2025 में समाचार एजेंसी आईएएनएस से जेएसपीएल के चेयरमैन नवीन जिंदल ने कहा कि ओडिशा मेरी कर्मभूमि है। पूरे देश के किसी अन्य राज्य की तुलना में हमने यहां सबसे अधिक निवेश किया है। हमने अब तक एक लाख करोड़ रुपये का निवेश किया है। जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड के साथ फिलहाल 45,000 लोग प्रत्यक्ष रूप से और 2,00,000 लोग अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए हैं। अगले 6-7 से वर्षों में उत्पादन क्षमता को 12 से 25 मिलियन टन करने के लिए 70,000 करोड़ रुपये का और निवेश करने जा रहे हैं। जिंदल ने आगे कहा कि क्योंझर जिले में हम स्टील प्लांट लगाने की संभावना तलाश रहे हैं। इससे जिले के विकास को भी गति मिलेगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर कहा कि वह एक विजनरी लीडर हैं और विकसित भारत का रास्ता उन्होंने ही दिखाया है। हमें उसमें योगदान देना है। टाटा स्टील के सीईओ और एमडी, टीवी नरेंद्रन ने आईएएनएस से बातचीत करते हुए कहा कि ओडिशा हमेशा से हमारे लिए एक अहम राज्य रहा है। हम यहां 100 वर्षों से अधिक समय से हैं। पिछले 10 वर्षों में हमने यहां 10,000 करोड़ रुपये का निवेश किया है। हम अगले कुछ वर्षों में यहां 10 मिलियन टन की क्षमता बढ़ाने जा रहे हैं। आगामी बजट पर उन्होंने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि पिछले कई वर्षों की तरह सरकार इस बार के बजट में फोकस इन्फ्रास्ट्रक्चर पर रखेगी। इसके अलावा सरकार को बिजनेस की लागत घटाने के लिए नई पहलें शुरू करनी चाहिए। नरेंद्रन ने आगे कहा कि सरकार को चीन द्वारा किए जा रहे बल्क निर्यात को रोकने के लिए भी कुछ कदम उठाने चाहिए।

# वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की नई टीम तैयार कर रही देश का बजट

**नई दिल्ली।** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार 3.0 का बजट 1 फरवरी को लोकसभा में पेश होने जा रहा है। मोदी सरकार के 2014 में सत्ता पर काबिज होने के बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी शनिवार को मोदी सरकार का 14वां बजट पेश करेंगी। 2024 में पिछले साल जुलाई में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार बनने के बाद यह इस सरकार का पहला पूर्ण बजट होगा। आर्थिक मामलों के सचिव और मुख्य आर्थिक सलाहकार के अलावा अधिकारियों की पूरी एक नई टीम सीतारमण को आगामी बजट की रणनीति तैयार करने में मदद कर रही है। यहां हम आपको उन अधिकारियों के बारे में बता रहे हैं जो बजट बनाने की प्रक्रिया से करीब से जुड़े हैं। निर्मला सीतारमण सीतारमण देश की पहली ऐसी वित्त मंत्री होगी, जो एक अंतरिम बजट सहित लगातार आठवां बजट पेश करेंगी। इससे पहले बतौर वित्त मंत्री मनमोहन सिंह, अरुण जेटली, पी चिदंबरम और यशवंत सिन्हा लगातार 5 बजट पेश कर चुके है। सीतारमण ने



जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र की पढ़ाई की है। मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में वह वाणिज्य व रक्षा मंत्रालय संभाल चुकी हैं। सीतारमण कर्नाटक से राज्य सभा सदस्य हैं। निर्मला सीतारमण ऐसे समय 2025-26 का बजट पेश करने जा रही जब वैश्विक अनिश्चितता बढ़ रही है।

# भारत के डिजिटल पेमेंट्स में यूपीआई की हिस्सेदारी बढ़कर 83 प्रतिशत हुई : आरबीआई रिपोर्ट

**मुंबई।** भारत के डिजिटल पेमेंट्स सिस्टम में यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) की हिस्सेदारी 2024 में बढ़कर 83 प्रतिशत हो गई है, जो कि 2019 में 34 प्रतिशत थी। इस दौरान यूपीआई 74 प्रतिशत के चक्रवृद्धि औसत वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ा है। यह जानकारी आरबीआई द्वारा एक रिपोर्ट में दी गई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की रिपोर्ट में बताया गया कि समीक्षा अवधि में अन्य पेमेंट सिस्टम्स जैसे आरटीजीएस, एनईएफटी, आईएमपीएस, क्रेडिट कार्ड और डेबिट कार्ड की हिस्सेदारी 66 प्रतिशत से गिरकर 17 प्रतिशत रह गई है। रिपोर्ट में बताया गया कि यूपीआई देश के डिजिटल पेमेंट सिस्टम को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रहा है। इसकी वजह यूपीआई का उपयोग में आसान होना है। व्यापक स्तर पर यूपीआई लेनदेन की वॉल्यूम बढ़कर 2024 में 17,221 करोड़ हो गई है, जो कि 2018 में 375 करोड़ थी। इस दौरान कुल लेनदेन की वैल्यू 5.86 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 246.83 लाख करोड़ रुपये हो गई है। रिपोर्ट में बताया गया कि यूपीआई की वॉल्यूम और वैल्यू बीते पांच वर्षों में 89.3 प्रतिशत और 86.5 प्रतिशत के सीएजीआर से बढ़ी है। पी2पी (पर्सन-टू-पर्सन) और पी2एम (पर्सन-टू-मर्चेंट) दोनों ही लेनदेन यूपीआई की सुरक्षित और रियल टाइम भुगतान क्षमताओं का लाभ उठाते हैं, जिससे व्यक्तियों और व्यवसायों के लिए पारंपरिक और



समय लेने वाले तरीकों पर निर्भर हुए बिना वित्तीय लेनदेन करना आसान हो जाता है। यूपीआई पी2एम लेनदेन की वॉल्यूम, यूपीआई पी2पी लेनदेन की वॉल्यूम से अधिक हो गई है। हालांकि, वैल्यू में यूपीआई पी2पी लेनदेन अभी भी यूपीआई पी2एम लेनदेन से अधिक है। पिछले कुछ वर्षों में यूपीआई की शानदार प्रगति और उपलब्ध डिजिटल भुगतान के अधिक विकल्पों से भारत में डिजिटल भुगतान में मजबूत वृद्धि देखी गई है।

# लगातार दो सत्रों की गिरावट के बाद भारतीय शेयर बाजार की दमदार वापसी, सेंसेक्स 535 अंक चढ़ा

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार के लिए मंगलवार का कारोबारी सत्र मुनाफे वाला रहा। बाजार लगातार दो दिनों की गिरावट के बाद तेजी के साथ बंद हुए। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 535 अंक या 0.71 प्रतिशत की तेजी के साथ 75,901 और निफ्टी 128 अंक या 0.56 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,957 पर था। व्यापक बाजार का रुझान नकारात्मक था। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 1,310 शेयर हरे निशान में, 2,663 शेयर लाल निशान में और 111 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए। लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप में



बिकवाली देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 266 अंक या 0.51 प्रतिशत गिरकर 51,529 पर और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 295 अंक या 1.91 प्रतिशत गिरकर 16,008 पर बंद हुआ। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, व्यापक बाजारों में बिकवाली जारी रही, लेकिन बैंकिंग और ऑटो सेक्टर की अगुआई में फ्रंटलाइन इंडेक्स में तेजी आई। प्रोग्रेसिव शेयर्स के निदेशक आदित्य गग्गर ने कहा, दिन के दौरान मिड और स्मॉलकैप शेयरों ने अपने नुकसान की भरपाई कर ली। ऑटो, पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विस, रियल्टी और प्राइवेट बैंक इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए। वहीं, आईटी, फार्मा, एनर्जी और मीडिया इंडेक्स पर दबाव था। सेंसेक्स पैक में बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक, टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, आईसीआईसीआई बैंक, एमएंडएम, जोमैटो और भारती एयरटेल टॉप गेनर्स थे। सन फार्मा, एलएंडटी, एनटीपीसी, पावर ग्रिड, आईटीसी, एचसीएल टेक, नेस्ले और टीसीएस टॉप लूजर्स थे। सोमवार को सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ही निचले स्तर पर बंद हुए थे। सेंसेक्स 824 अंक या 1.1 प्रतिशत की गिरावट के साथ 75,366 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 263 अंक या 1.1 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,829 पर बंद हुआ।

## रोचक तथ्यों का करंट

- यह अभी भी हर साल 35-55 किलोग्राम अंगूर और 100 बोतलों (250 एमएल प्रत्येक) का उत्पादन करती है।
- अंगूर दिल के दौरे के जोखिम को कम करने में मदद करते हैं क्योंकि वे खून में नाइट्रिक एसिड के स्तर में वृद्धि करते हैं जो रक्त के थक्कों को रोकता है।
- अंगूर फ्रूट के मीठे और खट्टे स्वाद आपके मनोदशा को दुरुस्त करते हैं और आपको तनाव और अवसाद मुक्त बनाते है।
- क्या आप जानते हैं? नवीनतम वैज्ञानिक अध्ययनों से पता चलता है कि कॉनकॉर्ड के रूप में जाने जाने वाले बैंगनी रंग के अंगूर से प्राप्त रस से, स्तन कैंसर के विकास को रोका जा सकता है।
- अंगूर और किशमिश कुत्तों के लिए गंभीर रूप से विषाक्त हैं और एक तीव्र गुर्दा की विफलता का कारण बन सकता है। अंगूर खाने के कुछ घंटो के बाद, कुत्ते को उल्टी, दस्त, अत्यधिक प्यास, अत्यधिक पेशाब और सुस्ती हो सकती है। और तो और इसका कोई विषहर औषध नहीं है! इसलिए कुत्तों को अंगूर कभी ना खिलाएं!

## राशिफल

**मेष :** आर्थिक प्रगति का दिन है। मित्र के माध्यम से पुराने धन की प्राप्ति होगी। किसी विशेष कार्य के होने से प्रसन्नता का अनुभव होगा।

**वृष :** आपके लिए आज का दिन अनुकूल रहने वाला है क्योंकि आप अपने दिन को बेहतर बनाने में अपनी ओर से कोई कसर बाकी नहीं रखेंगे।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। आप जो भी काम हाथ में लेंगे, वो जरूर पूरा होगा। काम की गति बनी रहेगी, आप खुद को रिलेक्स फील करेंगे।

**कर्क :** आपको कार्यक्षेत्र की सक्रियता के बेहतर परिणाम मिलेंगे। यदि आप जॉब की तलाश में हैं तो सफलता मिलने की प्रबल सम्भावना है।

**सिंह :** आपके लिए आज का दिन अनुकूल रहेगा। मानसिक रूप से आप काफी खुश और मजबूत रहेंगे। मन में प्रसन्नता होगी। हर्ष रहेगा और प्रेम की भावना रहेगी।

**कन्या :** एनर्जी अच्छी रहेगी। एनर्जी का इस्तेमाल किसी अच्छे काम में लगा सकते हैं। इससे फायदा होगा। किसी बिजनेस स्पीच के लिये तैयारी भी कर सकते हैं।

**तुला :** आपके घर में किसी शुभ प्रसंग के आयोजन की संभावना है। आपके बच्चे भी घर में खुशी और सुकून के माहौल को महसूस कर सकेंगे।

**वृश्चिक :** आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। परिवार में खुशी के पल आएंगे। परिवार के लोगों के साथ बेहतर समय बिताएंगे जिससे सभी के बीच सामंजस्य बढ़ेगा।

**धनु :** आज आपका रुझान आध्यात्म की तरफ रहेगा। आप किसी धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन की योजना बना सकते हैं। आज आप अपने काम में पूरा आनंद लेंगे।

**मकर :** अचानक धन लाभ अथवा हानि की संभावना बन रही है इसलिए थोड़ा सतर्क रहें। निवेश संबंधी मामलों में सोच-विचार कर निर्णय लेने से लाभ की प्राप्ति होगी।

**कुंभ :** दिन बहुत बढ़िया रहेगा क्योंकि स्वास्थ्य में सुधार होगा और मन भी मजबूत बनेगा। किसी प्रकार के तनाव से जो परेशान चल रहे थे अब छुटकारा मिलेगा

**मीन :** आपके लिए दिन फायदेमंद साबित हो सकता है। आपको पहले किए गए किसी काम से मुनाफा हो सकता है। लोग आपके काम की तारीफ कर सकते हैं।

## चुटकुले

भाई कितनी भी पढ़ाई कर लो, डिग्री-विग्री ले लो...
लेकिन रेस्टोरेंट के दरवाजे पर Push और Pull
देखते ही 2-3 सेकंड के लिए सोचना जरूर पड़ता है
कि दरवाजा धकेलना है कि खींचना।

---

नंबर वाला चश्मा... उतारने का घरेलू उपाय...
पहले दाएं हाथ में दाईं डंडी पकड़ें
फिर बायें हाथ में बाईं डंडी पकड़ें
धीरे से चश्मा आगे की तरफ खींचें
चश्मा उतर जायेगा।

---

पिता- बेटा, 5 के बाद क्या आता है?
बेटा- 6 और 7?
पिता- वाह मेरा समझदार बेटा। और 6,7 के बाद?
बेटा- 8,9,10।
पिता- क्या बात है बेटा वाह, और उसके बाद?
बेटा- गुलाम, बेगम, बादशाह।

## करंट क्राइम

### जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

29 01 2025 **आज के जन्मदिन**

सेलेब्रिटी जन्मदिन




सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
**Email : currentcrimenews@gmail.com**

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

**दैनिक करंट क्राइम**
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# 15 जोन में बटेगा गाजियाबाद प्राधिकरण क्षेत्र, छोटे प्लॉटों पर खोले जा सकेंगे पेट्रोल पंप

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** मंडलायुक्त एवं जीडीए अध्यक्ष डॉ. ऋषिकेश भास्कर यशोद की अध्यक्षता में प्राधिकरण की बोर्ड बैठक मेरठ में आयोजित हुई, जिसमें 14 प्रस्तावों में 12 को मंजूरी के साथ ही बाकी दो प्रस्ताव संशोधन के साथ आगामी बोर्ड बैठक में शामिल करने का निर्णय लिया गया।

प्रमुख प्रस्तावों में प्राधिकरण क्षेत्र को 15 जोन में बांटने, पेट्रोल पंप छोटे भूखंड में खोलने और वैशाली के भूखंड आवंटियों को नोटिस जारी कर तीन माह में पैसा वसूलने के साथ ही कई अन्य महत्वपूर्ण प्रस्ताव स्वीकृत किए गए।



## तीन माह में वसूले जाएंगे करीब 200 करोड़

अब वैशाली के भूखंड आवंटियों को नोटिस जारी किए जाएंगे, जिसके बाद उनसे 2,400 रुपये प्रति वर्ग मीटर के हिसाब से करीब 200 करोड़ रुपये की वसूली होगी। इसके लिए जीडीए योजना के भूखंड और फ्लैट आदि का सर्वे कर आवंटियों को नोटिस जारी करेगा। नोटिस के बाद तीन माह में रकम जमा न करने पर उन्हें डिफाल्टर घोषित कर आरसी जारी की जाएगी। प्रस्ताव पर मुहर के बाद वैशाली के आवंटियों पर आर्थिक भार पड़ेगा।

### वैशाली के भूखंड आवंटियों को जारी होंगे नोटिस

बोर्ड बैठक में नए मास्टर प्लान 2031 के तहत रखे गए प्रस्ताव के अनुसार प्राधिकरण क्षेत्र को मौजूदा आठ जोन के स्थान पर 15 जोन में विभाजित करने की स्वीकृति प्रदान की गई। इसके लिए क्षेत्र का सर्वे करने व ई टेंडर के माध्यम से सलाहकार नियुक्त करने के प्रस्ताव को बोर्ड ने स्वीकृति प्रदान की है। उच्च एवं उच्चतम न्यायालय द्वारा वैशाली योजना के लिए जीडीए द्वारा राजस्व ग्राम मकनपुर की अर्जित भूमि का प्रतिकर वृद्धि के लिए देयता की वसूली आवंटियों से किए जाने का प्रस्ताव बोर्ड बैठक में रखा गया, जिसे स्वीकृत कर लिया गया।

इस दौरान जीडीए सदस्य पवन गोयल ने क्रॉसिंग रिपब्लिक में फायर स्टेशन बनाने और कनेक्टविटी को लेकर सवाल उठाते हुए कहा कि बिल्डर ने टाउनशिप में जो सुविधाएं देने का वादा किया उसे पूरा नहीं किया। बैठक में जीडीए वीसी अतुल वत्स, सचिव राजेश कुमार सिंह, अपर सचिव पीके सिंह, मुख्य अभियंता मानवेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

छोटे भूखंडों पर पेट्रोल पंप खोलने की बोर्ड बैठक में प्रस्ताव पर स्वीकृति मिल गई है। इससे पूर्व पेट्रोल पंप खोलने के लिए भूखंड का न्यूनतम आकार 30 गुना 17 वर्ग मीटर निर्धारित था, लेकिन बोर्ड बैठक में प्रस्ताव पर मंजूरी के बाद अब 20 गुना 20 वर्ग मीटर के भूखंड में भी पेट्रोल पंप खोला जा सकेगा। इसके आलवा वाहनों के प्रवेश व निकासी के लिए बफर जोन का आकार भी घटाया गया है।

## मोहन नगर क्रॉसिंग से हिंडन एयरफोर्स स्टेशन क्रासिंग मार्ग की चौड़ाई कम

बोर्ड बैठक में मोहननगर क्रॉसिंग से हिंडन एयरफोर्स स्टेशन क्रासिंग मार्ग की चौड़ाई 75 मीटर से घटाकर अब 30 मीटर कर दी गई है। इस मार्ग में मास्टर प्लान-2021 में गड़बड़ी की वजह से क्षेत्र में नक्शा पास कराने में समस्या आ रही थी। इस मार्ग की चौड़ाई घटने से नक्शे भी आसानी से पास हो सकेंगे। इससे काफी संख्या में लोगों को राहत मिलेगी।

### सूर्यनगर में महिला छात्रावास को लीज पर देने की स्वीकृति

जीडीए की बोर्ड बैठक में सूर्यनगर स्थित महिला छात्रावास को महिला कल्याण विभाग को एक रुपये की लीज पर देने का प्रस्ताव पारित किया गया। अभी यह बंद है, लेकिन अब इसकी देखरेख और संचालन महिला कल्याण विभाग करेगा। इसके अलावा उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन निगम के पक्ष में पुराने बस अड्डे की भूमि लीज 90 साल तक बढ़ाने का प्रस्ताव पास हुआ। इंद्रप्रस्थ योजना के पाकेट-डी में निर्माणकर्ता ने जीएच-3 (3,601 वर्ग मीटर) और जीएच-5 (3,192.22 वर्ग मीटर) ग्रुप हाउसिंग के लिए दो भूखंड खरीदे थे। निर्माणकर्ता की ओर से अब ग्रुप हाउसिंग न करके यहां बहु आवासीय इकाई बनाने के लिए प्रार्थना पत्र दाखिल किया था।

बोर्ड बैठक में रखे गए इस प्रस्ताव को तलपट मानचित्र में आंशिक संशोधन के साथ प्रस्ताव को स्वीकृति मिल गई। इसके लिए अब आपत्ति व सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे।

वित्तीय वर्ष 2023-24 की बैलेंस शीट का अनुमोदन किए जाने के संबंध में प्रस्ताव को बोर्ड ने स्वीकार कर दिया। वहीं, बोर्ड बैठक में अनुमोदित वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्ययक में पूंजीगत व्यय की कुल अनुमोदित धनराशि का प्रस्ताव भी पास हो गया।




### अगर नही होती उनमें तकरार तो कभी नही दिखाते वो इतना प्यार

फूल वालों के यहां सही में फूल कटता ही देवतुल्यों का हैं। जब उम्मीदवारी की बेला आती है तो सारी उम्मीदें ही देवतुल्यों से लगाई जाती हैं। आयाम से लेकर बूथ बस्ते की पर्ची उन्हे ही थमाई जाती हैं। मगर जब देवतुल्यों की बेला आती है तो खेला उन्ही के साथ हो जाता है। जिसे बूथ की पर्ची थमाई जाती हैं उसी की अर्जी कोई थामनें को ही तैयार नही होता। कोई गोमती नदी हो जाता है तो कोई न्यूट्रल का गियर डाल लेता है। इस बार सीन कुछ अलग है और सुना है कि हैवीवेट वालों ने मडंल की कैबीनेट में शत प्रतिशत अपने लोग सेट करा दिये। एक वार्ड का टिकट कटवाने के लिये भगवा मैडम ने पूरे जोर लगा दिये। जिनकी कृपा से इस बार कई चेहरे फूल टिकट पर सवार होकर सदन पहुंचे हैं उन जनप्रतिनिधि ने एकदम कूल रवैया अपना लिया। एक नाम पर बिग नो के बाद उन्हे न्यूट्रल गियर डाल लिया। सुना है कि कप्तान के अलावा अन्य पदों के लिये नाम रखे जाने शुरू हो गये हैं। सुना है कि सगंठन में इस बार एडवांस बुकिंग चल रही है और मोर्चाबंदी तो मोर्चो में भी शुरू हो गई है। बाहर के ही नही इस बार लोकल वाले जनप्रतिनिधि भी वोकल हो रहे हैं। घर बैठ चुके देवतुल्य ने ही सीन का सार समझाते हुये कहा कि अगर हमारे वालों में आपस में ही रार न होती तो आप लिखकर रख लो कि वो इतना प्यार दिखाते ही नही अपने अपने गुट के देवतुल्यों के लिये।

### इस बार लाईनपार से होगी किस फ्लावर लीडर पर सरकारी कृपा

एक बार फिर से सरकारी कृपा का शोर सुनाई देने लगा है। सुना है कि इस बार नदियापार से तीन चेहरे नामित वाली लिस्ट में हैं और एक चेहरा जीडीए बोर्ड वाली लिस्ट में बताया जा रहा है। सरकारी कृपा का बादल क्या लाईनपार में भी बरसेगा या सारी मेहरबानी नदियापार ही होगी। चाय पर चर्चा के दौरान फूल वाले लीडर ने ही कहा कि इस बार दो चेहरों पर लाईनपार में सरकारी कृपा होगी। पिछली बार लाईनपार से नागर जी पर मेंबरी कृपा हुई थी और फिर क्या हुआ ये तो वो जाने लेकिन उन्होने खुद ही नामित वाली रेस से खुद को बाहर कर लिया था। बीते दिनो फ्लावर वाले नागर जी ने फेसबुक पर ही फायर कर दिया। नागर के शब्दों में अंगार था और फिलहाल वो साइलेंट मोड पर चल रहे हैं। फूल वाले पुरातन फेस ने कहा कि लाइन पार में दो ही चेहरों पर भगवा कृपा होनी है। अंदाज लगा लो कि कौन से वो दो भगवा चेहरे हैं।

### सुनो मेरी बात ये जो आज मिला रहे हैं हाथ कल ये ही उगलेगें आग

भगवा गढ़ में एकता की गजब मिसाले हैं। उनके पांव यहां से उखाड़ने के लिये सब ने हाथ मिला लिया और टारगेट अचीव कर भी लिया। इसके बाद फिर से गुट बन गये और आपस में ही एक दूसरे पर तीर ताने जा रहे हैं। पता चला है कि नई कहानी में सगंठन प्रधान बनने के लिये भी धुर विरोधियों ने हाथ मिला लिये हैं। हम दोनो में से कोई एक हो जाये तो ठीक लेकिन तीसरे को नही आने देना। सिटी चेयर पाने के लिये वो पूरी सियासी कसरत कर रहे हैं। पूरे सीन को वॉच कर रहे भगवा दल के पुरातन नेता ने ही कहा कि अजी हमने भी भाजपा में एक पूरा युग देखा है यहां। ये जो आज यहां चेहरे आपस में ही हाथ मिला रहे हैं कल ये ही चेहरे एक दूसरे के खिलाफ आग उगलेगें।

## गाजियाबाद में शराब तस्कर गिरफ्तार
## खाद नमक और प्लास्टिक की बोरियों के नीचे छिपाकर रखता था शराब की पेटियां



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद क्राइम ब्रांच ने शराब तस्करी के एक बड़े मामले का खुलासा किया है। पुलिस ने एक कैंटर से 720 शराब की बोतलें बरामद की हैं, जो चंडीगढ़ से लाई गई थीं। आरोपी सुदामा नाम का शख्स शराब की तस्करी के लिए अनूठा तरीका अपनाता था। वह कैंटर में सबसे नीचे शराब की पेटियां रखता और ऊपर खाद, नमक या प्लास्टिक दाने की बोरियां रख देता था, ताकि जांच के दौरान पुलिस को शक न हो। एडीसीपी क्राइम ब्रांच सच्चिदानंद राय के मुताबिक, आरोपी सुदामा पांचवीं तक पढ़ा है और सोनीपत के रिंकू के संपर्क में आने के बाद शराब तस्करी में शामिल हो गया। वह हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और पंजाब से शराब खरीदकर शराबबंदी वाले राज्यों बिहार और गुजरात में सप्लाई करता था। पुलिस ने चेकिंग के दौरान कैंटर को पकड़ा और तलाशी में 40 पेटी शराब बरामद की। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि इस अवैध धंधे में और कौन-कौन शामिल है। शराब तस्करी के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

## सरकारी अस्पताल में पुलिस की दादागिरी गाड्र्स और कर्मचारियों से बदसलूकी आईडी कार्ड फाड़े, सारा स्टाफ हड़ताल पर



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** एमएमजी जिला सरकारी अस्पताल में पुलिस की दादागिरी के खिलाफ अस्पताल के कर्मचारी और गाड्र्स हड़ताल पर चले गए हैं। कर्मचारियों का आरोप है कि पिछले चार महीनों से पुलिसकर्मी उनके साथ बदसलूकी कर रहे हैं, उनके आईडी कार्ड फाड़ रहे हैं और उनकी औकात तक पूछ रहे हैं।

कर्मचारी और गाड्र्स जारी रखेंगे धरना ताजा मामला मंगलवार का है, जब पुलिस लाइन से एक पुलिसकर्मी अपने परिजन को लेकर अस्पताल आया। सैनिक निगम की गार्ड प्रिया ने जब उसे वाहन पार्किंग में खड़ा करने को कहा, तो वह भड़क गया और गार्ड के साथ बदसलूकी करने लगा। प्रिया, जिन्होंने 1 सितंबर को ही यहां ज्वाइन किया है, के अनुसार यह रोजमर्रा की घटना बन चुकी है। कर्मचारियों ने बताया कि उन्होंने कई बार उच्च अधिकारियों से इस मामले की शिकायत की है, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। अब कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि जब तक इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकलता, वे अपना धरना जारी रखेंगे। यह स्थिति अस्पताल की सामान्य कार्यप्रणाली को प्रभावित कर रही है और मरीजों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## कुछ घंटे में इंदिरापुरम पुलिस ने खोल दी लूट की फर्जी सूचना, आरोपी गिरफ्तार



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** इंदिरापुरम में मंगलवार को वसुंधरा फार्म हाउस के पास पुलिस को दुग्ध कलेक्शन एजेंट से दिन-दहाड़े 2.75 लाख रुपये लूट की सूचना से अफरा-तफरी मच गई। पुलिस को लूट की सूचना देने वाला वसुंधरा सेक्टर-दो सी निवासी अक्षय कुमार था। उसने अपने साथ ही लूट होने की बात कही थी। पुलिस मौके पर पहुंची और अक्षय को थाने लेकर पहुंची। घटनास्थल से लेकर थाने पहुंचने तक ही अक्षय के बयान बदल गए। पहले उसने लुटेरों के बाइक पर आने की बात कही। इसके बाद थाने में बातचीत के दौरान बदमाशों के कार से पहुंचने की बात बताई। पुलिस को शक हुआ तो पूछताछ सख्ती से हुई। तब पूरा मामला खुला।

एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी एक दुग्ध कंपनी के कलेक्शन एजेंट का काम करता है। मंगलवार सुबह वह दुग्ध कलेक्शन व वितरण के लिए निकला था। पूछताछ में पता चला कि आरोपी ऑनलाइन गेम खेलने के चक्कर में 2.29 लाख रुपये का कर्जदार हो गया था। लूट के बहाने रुपये हड़पने की योजना बनाई थी ताकि लोगों का कर्ज चुका सके। पुलिस ने आरोपी की कार से ही दुग्ध कलेक्शन के 51260 रुपये बरामद कर लिए हैं। एसीपी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर किया गया है।

## कपड़े बदलने से मना करने पर दुकानदार से मारपीट

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** मसूरी थाना क्षेत्र में एक दुकानदार से मारपीट करने का मामला सामने आया है। मयूर विहार सोम बाजार मार्केट में कपड़े की दुकान चलाने वाले फिरोज के साथ कपड़े बदलने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। घटना में एक महिला ग्राहक कुछ दिन पहले खरीदे गए सर्दी के कपड़े बदलकर गर्मी के कपड़े मांगने आई थी। दुकानदार फिरोज द्वारा कपड़े बदलने से मना करने पर महिला ने अपने परिजनों को फोन कर बुला लिया। मौके पर पहुंचे चांद, अरशद, खालिद और वसीम नाम के चार लोगों ने दुकानदार के साथ मारपीट शुरू कर दी। थाना प्रभारी मसूरी अजय चौधरी के अनुसार, पीड़ित दुकानदार फिरोज की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। सभी चारों आरोपी फरार हैं और पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।




## थानों में जमकर बनी देशभक्ति वाली रील्स

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में बीत दिनों देशभक्ति के रंग में रंगे पुलिसकर्मियों ने पूरे जोश, उल्लास व उमंग के साथ राष्ट्र ध्वज को सलामी देने का काम किया है। तो वहीं पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्र जानकारी दे रहे हैं कि बीते दिनों राष्ट्रीय पर्व था, राष्ट्रीय पर में देशभक्ति का जोश और जुनून जमकर दिखाई दिया है। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं की लाइन से लेकर कमिश्नरेट के थानों में जमकर रील्स बनाई गई हैं। इन रील्स में देशभक्ति का पुट दिखाई दे रहा है। तो वहीं सूत्र बता रहे हैं कि तमाम सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में अलग-अलग थानों की पुलिसकर्मियों की रील्स देशभक्ति का संदेश दे रही हैं। तो वहीं खाकी लवर पेज पर भी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के देहात और सिटी जोन के थानों की रील्स का धमाल मचा हुआ है। वैसे रील्स को लेकर रीयल पुलिस के साथ खेल खत्म नहीं हो रहा है। मंगलवार को सोशल मीडिया पर लाइन पार के एक थाने की एक अलग ही रील्स सामने आने की जानकारी दी जा रही है। सुनने में आ रहा है कि उसको लेकर जल्द ही पुलिस की कार्रवाई होगी।




तो पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम वाले सूत्र बता रहे हैं कि वैसे तो पुलिसकर्मियों को वर्दी के साथ किसी भी प्रकार की ऐसी एक्टिविटी करने की इजाजत नहीं है, पर देशभक्ति के रंग में लगे पुलिसकर्मियों ने इस बार जमकर रील्स वाला धमाल मचाया है। कोई राष्ट्रीय ध्वज के साथ नजर आया है। तो किसी ने देशक्ति गानों पर तिरंगी थीम दर्शाइ है। तो किसी ने बैकग्राउंड में पुलिस की परेड को लगाया है। किसी ने देहात वाले थाने के मुख्य गेट से लेकर अंदर तक का सीन दिखाया है। तो किसी ने रेड कार्पेट पर ही अपना वीडियो बनाया है। कुल मिलाकर इस बार पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सिस्टम में आने वाले तीनों जोन के थानों में देशभक्ति वाली रील्स जमकर बनी हैं। सूत्र बता रहे हैं कि रील्स बनाने वालों में अधिकांश युवा पुलिसकर्मी शामिल हं। इसमें कई महिला टू-स्टार हैं तो कई थानों में तो हेड कांस्टेबल भी इसमें जमकर शामिल हैं। कुल मिलाकर इस बार पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में राष्ट्रीय पर्व शांति, सुरक्षा और सद्भाव के साथ बीता है। तो वहीं देशभक्ति वाली रील्स का जमकर सोशल मीडिया पर रिव्यू मिल रहे हैं, जो बता रहा है कि युवा पुलिसकर्मी देशभक्ति के भाव से भरे हुए हैं।

## हापुड़ में पकड़े गए 4 शातिर चोर, लाखों का माल, हथियार और ई-रिक्शा बरामद



**हापुड़ करंट क्राइम।** पुलिस और स्वाट टीम ने संयुक्त अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने बंद मकानों और दुकानों में चोरी करने वाले चार शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 28,500 रुपए नकद, सोने-चांदी के आभूषण, तीन एलईडी टीवी, एक मोबाइल फोन और वारदात में इस्तेमाल किया गया ई-रिक्शा बरामद हुआ है। इसके अलावा चोरी में इस्तेमाल किए गए औजार, दो अवैध तमंचे और एक चाकू भी जब्त किया गया है।

पकड़े गए आरोपियों में शाहरुख, सलमान, शाकिर और वरुण शामिल हैं। एएसपी विनीत भटनागर ने बताया कि ये सभी शातिर अपराधी हैं। शाहरुख पर 9, सलमान पर 12, शाकिर पर 10 और वरुण पर 7 मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी शाहरुख मोहल्ला छिद्दापुरी पिलखुवा का, सलमान रमपुरा थाना पिलखुवा का, शाकिर प्रताप विहार सेक्टर 12 विजय नगर गाजियाबाद का और वरुण मोहल्ला शुक्लान जटपुरा रोड पिलखुवा का रहने वाला है।

पुलिस ने क्षेत्र में हुई चोरियों की जांच के दौरान जाल बिछाकर इन अपराधियों को पकड़ा। आरोपियों से बरामद किया गया सामान हापुड़ और पिलखुवा में की गई चोरियों से संबंधित है। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

## एलविश यादव पर नंदग्राम थाने में हुआ मुकदमा दर्ज



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत आने वाले सिटी जोन में नंदग्राम थाना पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर एलविश यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीएफए से जुड़े व्यक्ति की शिकायत पर पुलिस ने यह मामला दर्ज किया है। आरोप है कि उनके और उनके भाई को सोशल मीडिया पर खुलेआम धमकी दी जा रही थी। इस मामले में एसीपी पूनम मिश्रा ने जानकारी दी है कि कोर्ट के आदेश पर यह मुकदमा लिखा गया है, मामले की विवेचना की जाएगी। इस मामले में आईपीसी की धारा 506 के तहत एलविश यादव पर मुकदमा कोर्ट के आदेश पर दर्ज किया गया है।

बता दें की गाजियाबाद के पीएफए से जुड़े गौरव गुप्ता ने बताया है कि उनके भाई सौरभ गुप्ता ने एलविश यादव के खिलाफ गुरुग्राम में मुकदमा दर्ज कराया था। गौरव गुप्ता खुद नोएडा में एलविश यादव के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमे के वादी थे। गौरव गुप्ता के मुताबिक सौरभ को लग रहा है कि उनकी रेकी की जा रही है। जहां वे जाते हैं उनकी सोसाइटी में कुछ अनवांटेड लोग घूमते हैं। सौरभ को डर है था कि उनपर और उनके भाई पर एल्विस यादव या उसके जानकार किसी झूठे मामले में फंसा सकते हैं। इसी कारण उन्होंने अपना फेसबुक अकाउंट भी बंद कर दिया है क्योंकि लगातार उन्हें सोशल मीडिया पर धामकियां मिल रहीं थीं।

## फर्रुखनगर-सिरौरा मार्ग का साढ़े 11 करोड़ से चौड़ीकरण होगा



**लोनी करंट क्राइम।** लोनी देहात क्षेत्र में फर्रुखनगर-सिरौरा मार्ग का चौड़ीकरण साढ़े 11 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। सांसद व विधायक ने मंगलवार को चौड़ीकरण के कार्य का शिलान्यास किया। इससे एक दर्जन गांव के 60 हजार से अधिक लोगों को राहत मिलेगी। लोनी में फर्रुखनगर और सिरौरा को गांव को जोड़ने वाला मार्ग लंबे समय से जर्जर था। आसपास के गांवों के लिए एकमात्र रास्ता होने के कारण इस पर वाहनों का दबाव अधिक था और मार्ग संकरा था। इसीलिए लोग लंबे समय से मार्ग के चौड़ीकरण की मांग कर रहे थे। लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ से भी मुलाकात कर इस मार्ग के चौड़ीकरण समेत कई मांग की थी। इसके बाद लोक निर्माण विभाग ने 9.7 किलोमीटर लंबे मार्ग का एस्टीमेट तैयार कर प्रस्ताव शासन को भेजा। मंगलवार को सांसद अतुल गर्ग और लोनी विधायक ने रिस्तल गांव में सम्राट कनिष्क चौक पर चौड़ीकरण के कार्य का शिलान्यास किया। सांसद ने कहा कि भाजपा सरकार शहर से लेकर गांव तक विकास कार्य एक समान रूप से कर रही है। चौड़ीकरण कराने का काम आज शुरू हो रहा है। इसके पूरा होने से लोगों को राहत मिलेगी।

लोनी विधायक ने बताया कि इस मार्ग के साथ ही एक करोड़ रुपये की लागत के अन्य मार्गों की मरम्मत से जुड़े कार्यों की भी शुरूआत की गई है। फर्रुखनगर-सिरौरा मार्ग का चौड़ीकरण होने से सिरौरा, रिस्तल, भूपखेड़ी, मेवला फर्रुखनगर, महमूदपुर व कोतवालपुर सहित एक दर्जन गांव के लोगों के लिए आवागमन को सुगम और सुरक्षित होगा। भाजपा जिलाध्यक्ष सत्यपाल प्रधान, लोनी ब्लॉक प्रमुख कोमल गुर्जर, जितेंद्र गुप्ता, राजेंद्र मित्तल, अश्वनी कुमार, राहुल श्यामसुंदर, मनीष चौहान आदि मौजूद रहे।

## किसानों को मिला अतिरिक्त मुआवजा
## 16 किसानों को दिए गए 10 करोड़



**नोएडा करंट क्राइम।** भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले अस्तौली गांव के किसानों को अतिरिक्त मुआवजा के 10 करोड़ रुपए दिए गए। अतिरिक्त मुआवजा को लेकर इन किसानों ने मार्च 2024 से 65 दिन लगातार प्रदर्शन किया था। इनकी कुल 14 मांग थी। जिसमें से 12 मांगों को धरना स्थल पर जाकर अधिकारियों ने पहले ही पूरा कर दिया था। मुआवजा की मांग को 3 महीने में पूरा करने के आश्वासन के बाद किसानों ने धरना समाप्त कर दिया था।

किसानों को दिया गया अतिरिक्त मुआवजा इसी को लेकर आज ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में किसानों के साथ बैठक की गई। इस बैठक में जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह के अलावा प्राधिकरण एसीईओ मौजूद रहे। इस मौके पर अस्तौली गांव के किसानों को 1400 रुपए प्रति वर्गमीटर अंतर धन राशि का वितरण विधायक जेवर धीरेंद्र सिंह व ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सुनील सिंह व अन्नपूर्णा ने किया। यहां 16 डंपिंग ग्राउंड के किसानों को करीब 10 करोड़ अतिरिक्त मुआवजा दिया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

### 12 मार्च को धरने पर बैठे थे किसान

बता दे ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के खिलाफ अस्तौली गांव में किसान मुआवजा सहित अन्य 14 मांगों को लेकर 12 मार्च को धरने पर बैठे थे। किसानों का आरोप था कि वर्षों पहले ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने उनकी जमीनों का अधिग्रहण कर लिया लेकिन उनको उचित मुआवजा नहीं दिया गया। सालों से किसान उचित मुआवजे की मांग कर रहे थे।

इस दौरान उनकी अधिकांश मांगों को मान लिया गया था। मुआवजे के तीन महीने का समय मांगा गया था। जिसे आज पूरा कर दिया गया। बता दे अस्तौली गांव में नोएडा ग्रेटरनोएडा प्राधिकरण का डंपिंग ग्राउंड तैयार होना है। यहां दो कंपनियां अपने प्लांट लगाएंगी। जिससे कूड़े से चारकोल और बायोगैस का उत्पादन किया जाएगा।

## जीडीए का ताबड़तोड़ बुलडोजर एक्शन
## 14 बीघा जमीन पर बन रही अवैध कॉलोनी को किया ध्वस्त





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने मोदीनगर क्षेत्र के गांव बिसोखर के निकट 14 बीघा भूमि पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी पर बुलडोजर से कार्रवाई को अंजाम दिया। प्राधिकरण के प्रवर्तन जोन-2 प्रभारी के नेतृत्व में सोमवार को पुलिस बल के साथ पहुंची टीम ने अवैध कॉलोनी की बाउंड्रीवाल, सड़क और विद्युत पोल को बुलडोजर से ध्वस्त किया। इस दौरान कॉलोनाइजर की ओर से वि रोध किया गया, जिस पर प्राधिकरण की टीम ने पुलिस बल की मदद से बलपूर्वक कार्रवाई जारी रखी।

### अवैध कॉलोनियों में ना खरीदें प्लॉट

इस दौरान जीडीए अधिकारियों ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अवैध कॉलोनियों में प्लॉट आदि की खरीद-फरोख्त ना करें। ताकि बाद में किसी तरह की समस्या के साथ आर्थिक नुकसान न उठाना पड़े।

## 4 लेन का 16 मीटर चौड़ा बनेगा शाहबेरी एलिवेटेड रोड



**ग्रेटर नोएडा करंट क्राइम।** ग्रेटर नोएडा में शाहबेरी के पास से क्रॉसिंग रिपब्लिक गाजियाबाद तक बनने वाली एलिवेटेड रोड चार लेन यानी 16 मीटर चौड़ी होगी। ट्रैफिक के दबाव को देखते हुए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी इसके पक्ष में हैं। परियोजना से संबंधित डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) और फाइनल फिजिबिलिटी रिपोर्ट इस हफ्ते आ जाएगी। दरअसल सेक्टर- 4 शाहबेरी गांव के पास से क्रॉसिंग रिपब्लिक की ओर जाने वाली सड़क पर ट्रैफिक का काफी दबाव रहता है। इस कारण यहां अक्सर लंबा जाम लग जाता है। इस समस्या के स्थाई समाधान के लिए प्राधिकरण ने शाहबेरी से क्रॉसिंग रिपब्लिक तक एलिवेटेड रोड के निर्माण का निर्णय लिया है। इस एलिवेटेड रोड की लंबाई 3500 मीटर होगी।

# फरवरी में अमेरिका की यात्रा कर सकते हैं पीएम मोदी, फोन पर बात के बाद ट्रंप का एलान



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फरवरी में अमेरिका का दौरा कर सकते हैं। सोमवार को अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से फोन पर बात करने के बाद यह बात सामने आई। खुद ट्रंप का इस बात खुलासा किया। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी उनके साथ बैठक के लिए संभवतः फरवरी में अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस आएंगे।

ट्रंप ने सोमवार को फ्लोरिडा से ज्वाइंट बेस एंड्रयूज लौटते समय एयर फोर्स वन विमान में पत्रकारों से कहा कि मेरी उनसे लंबी बातचीत हुई। वह संभवतः अगले महीने फरवरी में व्हाइट हाउस आएंगे। भारत के साथ हमारे बहुत अच्छे संबंध हैं।

### ट्रंप और मोदी के बीच अच्छे मित्रवत संबंध

राष्ट्रपति के रूप में ट्रंप के पहले कार्यकाल में उनकी आखिरी विदेश यात्रा भारत की थी। ट्रंप और मोदी के बीच अच्छे मित्रवत संबंध हैं। दोनों ने सितंबर 2019 में ह्यूस्टन और फरवरी 2020 में अहमदाबाद में दो अलग-अलग रैलियों में हजारों लोगों को संबोधित किया था। नवंबर 2024 में ट्रंप की शानदार चुनावी जीत के बाद मोदी उनसे बात करने वाले विश्व के तीन शीर्ष नेताओं में शामिल थे।

### साझेदारी को आगे बढ़ाने पर प्रतिबद्धता जताई

इससे पहले व्हाइट हाउस ने कहा है कि दोनों नेताओं ने अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी और हिंद-प्रशांत क्वाड साझेदारी को आगे बढ़ाने पर प्रतिबद्धता जताई है। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की व्हाइट हाउस यात्रा की योजनाओं पर चर्चा की गई।

### दोनों के बीच फोन पर बात हुई

व्हाइट हाउस ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड जे ट्रंप ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बात की। दोनों नेताओं ने सहयोग को बढ़ाने और रिश्ते को गहरा करने पर चर्चा की। उन्होंने हिंद-प्रशांत, मध्य पूर्व और यूरोप में सुरक्षा सहित कई क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की। राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत द्वारा बनाए गए अमेरिका निर्मित सुरक्षा उपकरणों की खरीद बढ़ाने और द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को बढ़ाने के महत्व पर जोर दिया।

## एस जयशंकर ने अबू धाबी के क्राउन प्रिंस से की मुलाकात

# भारत-यूएई साझेदारी को और आगे बढ़ाने पर चर्चा

**अबू धाबी।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मंगलवार को अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत-संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा की। इस मुलाकात के बार में जयशंकर ने 'एक्स' पर जानकारी दी। उन्होंने लिखा, अबू धाबी के क्राउन प्रिंस अल नाहयान से मिलकर खुशी हुई। हमने उनके हाल ही के भारत दौरे की यादें ताजा कीं और भारत-यूएई साझेदारी को और आगे बढ़ाने पर चर्चा की।

इससे पहले, जयशंकर ने मंगलवार की सुबह यूएई के राष्ट्रपति के राजनयिक सलाहकार अनवर गर्गश से मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों के बीच बढ़ती साझेदारी पर चर्चा हुई। इसकी जानकारी विदेश मंत्री एक्स पर दी और लिखा, आज सुबह यूएई के राष्ट्रपति के राजनयिक सलाहकार अनवर गर्गश से मिलकर खुशी हुई। हमने अपनी विशेष साझेदारी को आगे बढ़ाने पर चर्चा की।



**जयशंकर 27 से 29 जनवरी तक यूएई के दौरे पर हैं। उनका मकसद भारत और यूएई के संबंधों को और भी मजबूत करना है। भारत और यूएई के बीच राजनयिक संबंध 1972 में स्थापित हुए थे। उस समय यूएई ने भारत में अपना दूतावास खोला था और भारत ने 1973 में यूएई में अपना दूतावास खोला। तबसे यहय संबंध मजबूत होते गए हैं।**

जयशंकर 27 से 29 जनवरी तक यूएई के दौरे पर हैं। उनका मकसद भारत और यूएई के संबंधों को और भी मजबूत करना है। भारत और यूएई के बीच राजनयिक संबंध 1972 में स्थापित हुए थे। उस समय यूएई ने भारत में अपना दूतावास खोला था और भारत ने 1973 में यूएई में अपना दूतावास खोला। तबसे यहय संबंध मजबूत होते गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2015 के यूएई दौरे के बाद दोनों देशों के संबंधों में नया मोड़ आया। यह भारत के किसी प्रधानमंत्री का यूएई का पहला दौरा था, जो 34 वर्षों के बाद हुआ था। इस दौरे के दौरान भारत और यूएई के बीच एक व्यापक और रणनीतिक साझेदारी की शुरूआत हुई। हाल के वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी ने कई बार यूएई का दौरा किया है और उनका हालिया दौरान नवंबर-दिसंबर 2023 में कॉप-28 विश्व जलवायु सम्मेलन में भाग लेने के लिए था।

वहीं, यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद ने भी भारत का कई बार दौरा किया है। 2016 और 2017 में अबू धाबी के क्राउन प्रिंस के रूप में उनका भारत दौरा हुआ था।

# जयशंकर बोले- पश्चिम एशिया को दुनिया के लिए महत्वपूर्ण मार्ग के रूप में देखता है भारत

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि भारत पश्चिम एशिया को एक महत्वपूर्ण मार्ग के रूप में देखता है, जो उसे दुनिया के अन्य हिस्सों से जोड़ता है। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में भारत और पश्चिम एशिया के बीच व्यापार, संपर्क और लोगों के आपसी संबंधों में तेजी से विस्तार हुआ है।

जयशंकर ने 'रायसीना मध्य पूर्व' (पश्चिम एशिया) कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत के लिए पश्चिम एशिया क्षेत्र रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि भारत का खाड़ी देशों के साथ व्यापार करीब 160 से 180 डॉलर के बीच है। उन्होंने कहा, हमारी खाड़ी में बहुत व्यापक और अहम मौजूदगी है। यहां 90 लाख से अधिक भारतीय काम करते हैं और



रहते हैं। इसके अलावा, खाड़ी देशों से भारत का संपर्क पश्चिम एशिया और उत्तरी अफ्रीका और भूमध्य सागर तक फैला हुआ है।

विदेश मंत्री ने यह भी बताया कि भारत का भूमध्य सागरीय देशों के साथ सालाना व्यापार करीब 80 अरब डॉलर है और यहां करीब पांच लाख प्रवासी भारतीय रहते हैं। उन्होंने कहा कि भारत इस क्षेत्र में कई बड़ी परियोजनाओं पर काम कर रहा है, जिनमें हवाई अड्डे, बंदरगाह, रेल, हरित हाइड्रोजन, इस्पात आदि शामिल हैं। उन्होंने कहा, भारत और पश्चिम एशिया के प्रयासों को अफ्रीका और यूरोप तक बढ़ाया जा सकता है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि संपर्क और समुद्री सुरक्षा को लेकर बहुपक्षीय सहयोग की जरूरत है।

उन्होंने आगे कहा कि पश्चिम एशिया अब भारत का एक विस्तारित पड़ोसी बन चुका है और नई दिल्ली को इस क्षेत्र के साथ अपनी साझेदारी को और गहरा करना होगा। विदेश मंत्री जयशंकर ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति के राजनयिक सलाहकार अनवर गर्गश से भी मुलाकात की और दोनों देशों की विशेष साझेदारी पर चर्चा की।

## बांग्लादेश में रेलवे कर्मचारियों ने की हड़ताल

# थमे ट्रेनों के पहिये, यात्री और माल परिवहन प्रभावित

**ढाका।** बांग्लादेश में उच्च पेंशन और अन्य लाभ दिए जाने की मांग को लेकर रेलवे कर्मचारियों ने हड़ताल कर दी। इसके चलते ट्रेनों का संचालन बंद हो गया। यात्री और मालगाड़ियों को रद्द कर दिया। हड़ताल के चलते हजारों यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। यात्री स्टेशनों पर बसों का इंतजार करते नजर आए। इसके साथ ही माल परिवहन भी प्रभावित हुआ। बांग्लादेश रेलवे रनिंग स्टाफ और कर्मचारी यूनियन के कार्यवाहक अध्यक्ष सैदुर रहमान ने कहा कि मांगो को लेकर सोमवार देर रात को मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के साथ बैठक हुई थी, लेकिन मांगों पर सहमति नहीं बन सकी। रहमान ने कहा कि जब तक सरकार हमारी मांगों को मान नहीं लेती है, तब तक हड़ताल जारी रहेगी।




ढाका के मुख्य कमलापुर रेलवे स्टेशन पर सैकड़ों यात्री ट्रेनों का इंतजार करते नजर आए। क्योंकि उनको हड़ताल की जानकारी नहीं थी। कई घंटे तक इंतजार के बाद वे मायूस होकर लौट गए। कई यात्रियों ने रेलवे सलाहकार से भी शिकायत की। ढाका के स्टेशन मैनेजर शहादत हुसैन ने बताया कि मंगलवार सुबह रवाना होने वाली 10 ट्रेनों को रद्द कर दिया गया। ट्रेनों के विकल्प के तौर पर बसों का इंतजाम किया गया है। वहीं रेलवे कर्मचारियों ने देश के प्रमुख बंदरगाह शहर चटगांव में प्रदर्शन किया। चटगांव बंदरगाह तक ट्रेनों के जरिये विदेशी देशों को निर्यात होने वाले परिधान उद्योग का माल पहुंचाया जाता है। उद्योग को हर साल निर्यात से 38 बिलियन अमेरिकी डॉलर का का लाभ मिलता है। उद्योग से माल यूएस और यूरोपीय संघ के देशों को भेजा जाता है। बांग्लादेश में 36 हजार किलोमीटर लंबा रेलवे नेटवर्क है। 170 मिलियन की आबादी वाले देश में 6.5 करोड़ लोग हर साल ट्रेनों में सफर करते हैं। साथ ही रेलवे में 25 हजार कर्मचारी कार्यरत हैं।

दरअसल, पिछले साल विवादित आरक्षण प्रणाली को समाप्त करने की मांग को लेकर बांग्लादेश में प्रदर्शन हुए थे। विरोध प्रदर्शन ने देशभर में उग्र रूप ले लिया था। इसके बाद हालात बद से बदतर हो गए और पीएम शेख हसीना को अपने पद से इस्तीफा देकर भारत आना पड़ा था। इस दौरान 600 से अधिक लोग मारे गए थे। 76 साल की हसीना के सत्ता से हटने के बाद नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में एक अंतरिम सरकार का गठन किया गया था। मौजूदा समय में बांग्लादेश की आर्थिक स्थिति काफी खराब है। इस पर विश्व बैंक और एशियन डेवलपमेंट बैंक ने भी चिंता जताई।

## अवैध रूप से अमेरिका में रह रहे अपने नागरिकों को वापस लेगा चीन

**बीजिंग।** चीन सरकार की ओर से सोमवार को कहा गया है कि वह अमेरिका से इंगित किए गए अपने नागरिकों को वापस लाने के लिए तैयार है। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अवैध रूप से वहां रह रहे लोगों को वापस न लेने पर कुछ देशों पर टैरिफ और प्रतिबंध लगाने की धमकी दी है। हाल के महीनों में अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) पांच चार्टर उड़ानों में सैकड़ों चीनी नागरिकों को चीन वापस भेज चुका है। अमेरिका की ओर से इन्हें अवैध निवासी बताया है। विभाग ने निर्वासन आदेशों के तहत अमेरिका में हजारों चीनी नागरिकों को स्वीकार करने से इन्कार करने पर चीनी अधिकारियों को वीजा प्रतिबंधों समेत गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी है। इस बारे में चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने बीजिंग में मीडिया से बातचीत में कहा, हम अमेरिका और अन्य देशों के प्रवासन और कानून प्रवर्तन विभागों के साथ सहयोग कर रहे हैं।

# सरकारी आयोग की रिपोर्ट में दावा- जिस पावरलाइन से आग लगने की बात कही, वह घटनास्थल से मीलों दूर

**कैलिफोर्निया।** अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य में इटन इलाके में लगी आग को लेकर अब तक दावा किया जा रहा था कि बिजली के तारों में खराबी की वजह से फॉल्ट हुआ जिसके कारण जंगल में आग लगी। हालांकि अब एक सरकारी आयोग ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि जिस पावर लाइन से आग लगने की बात कही जा रही है, वह आग लगने वाली जगह से मीलों दूर है। 7 जनवरी को लगी आग से लॉस एंजिलिस शहर का बड़ा हिस्सा जलकर खाक हो गया। इस आग में 28 लोगों की मौत हुई।



### बिजली के तारों में खराबी की वजह से आग लगने के दावे को नकारा

दरअसल आग के चलते अपनी संपत्ति खोने वाले एक व्यक्ति ने अदालत में केस दायर किया है। इसी मामले की सुनवाई के दौरान कैलिफोर्निया पब्लिक यूटिलिटीज कमीशन ने एक रिपोर्ट दायर की है। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि इस बात का कोई सबूत नहीं है कि आग पावर लाइन में खराबी की वजह से लगी और जिस पावर लाइन के तारों में फॉल्ट की वजह से आग लगने का दावा किया जा रहा है, वह लाइन आग लगने की जगह से मीलों दूर है। कैलिफोर्निया पब्लिक यूटिलिटीज कमीशन एक सरकारी विनायमक एजेंसी है, जो कैलिफोर्निया में बिजली, पानी आदि की सेवाएं देने वाली निजी कंपनियों की निगरानी करती है।

अदालती सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने आरोप लगाया कि यूटिलिटी के उपकरणों के कारण आग लगी। उन्होंने आग के शुरूआती मिनटों के दौरान लिए गए वीडियो भी दिखाया, जिसमें बिजली के टावरों के नीचे आग की बड़ी लपटें दिखाई दे रही हैं। उनका कहना है कि वीडियो एक गैस स्टेशन के बाहर लगे कैमरे से लिया गया है। इटन इलाके में लगी आग तूफानी हवाओं की वजह से भड़की और उसने लॉस एंजिलिस के बड़े इलाके को अपनी चपेट में ले लिया। अग्निशमन दल हफ्तों से आग बुझाने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि फिलहाल इटन इलाके में लगी आग पर अब काबू पा लिया गया है और जल्द ही इसके बुझने की उम्मीद है।

# बांग्लादेश में अमेरिका की मदद रोक दिए जाने का मामला क्या है?



**ढाका।** डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका का राष्ट्रपति पद संभालते ही कई अहम फैसले लिए हैं, जिनमें से एक फैसला दुनिया में दी जाने वाली अमेरिका की मदद को लेकर भी है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर 90 दिनों के लिए विदेश में दी जाने वाली सभी प्रकार की सहायता पर रोक लगा दी थी। ये रोक विदेश नीति की समीक्षा होने तक लागू रहेगी।

डोनाल्ड ट्रंप के इस फैसले से कई देशों पर असर पड़ा है, जिनमें से भारत का पड़ोसी देश बांग्लादेश भी है। बांग्लादेश को अमेरिका की यूनाइटेड स्टेट एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डिवेलपमेंट (यूएसएड) मदद देती है।

यूएसएड ने बांग्लादेश में हर तरीके की मदद पर तुरंत रोक लगा दी है। इस अमेरिकी एजेंसी ने अपनी परियोजनाओं में शामिल हर पार्टनर को अपना काम रोकने को कहा है। यूएसएड ने अपने पत्र में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकारी आदेश का हवाला दिया है।

## ट्रंप की धमकी पर क्रिस्टिया फ्रीलैंड का पलटवार

# सत्ता में आने पर अमेरिका को ऐसे दिखाएंगी आईना



**क्रिस्टिया फ्रीलैंड ने ट्रंप की धमकी का जवाब देने के लिए प्रतिशोध सूची जारी करने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि कनाडा को उन उत्पादों की सूची तैयार करनी चाहिए, जिन्हें टार्गेट किया जाएगा।**

**कनाडा।** अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति बनने के साथ ही डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी नीति और नियत साफ करते हुए कई सारे बड़े एलान किया। इसमें प्रमुख तौर पर कनाडा पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी भी शामिल है। इसी बीच ट्रंप की इस धमकी पर कनाडा की पूर्व वित्त मंत्री और कनाडा की प्रधानमंत्री बनने की दौड़ में शामिल क्रिस्टिया फ्रीलैंड ने प्रतिक्रिया देते हुए एक योजना बनाने का जिक्र किया है।

क्रिस्टिया फ्रीलैंड ने ट्रंप की धमकी का जवाब देने के लिए प्रतिशोध सूची जारी करने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि कनाडा को उन उत्पादों की सूची तैयार करनी चाहिए, जिन्हें टार्गेट किया जाएगा, ताकि अमेरिकी व्यापारियों को इसका असर समझ में आए।

### फ्रीलैंड ने बताया प्रतिशोध सूची का उद्देश्य

फ्रीलैंड ने बताया कि इस सूची में 200 बिलियन कनाडाई डॉलर (139 बिलियन अमेरिकी डॉलर) के उत्पाद शामिल होंगे। इसका उद्देश्य ये बताना होगा कि ट्रंप की नीतियों से अमेरिकी व्यापारियों को कितना नुकसान होने वाला है। साथ ही फ्रीलैंड ने कहा कि कनाडा को अमेरिका की धमकी का जवाब सटीक और प्रभावी तरीके से देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि इसके लिए अमेरिका के कुछ राज्यों, जैसे फ्लोरिडा, विस्कॉन्सिन और मिशिगन के उत्पादकों को टार्गेट कर कनाडा को अपने जवाबी कदमों से अमेरिका नुकसान पहुंचाना चाहिए। उदाहरण के लिए, फ्लोरिडा के संतरे, विस्कॉन्सिन के डेयरी उत्पाद और मिशिगन के डिशवॉशर निमार्ता कनाडा की इस योजनाओं का हिस्सा हो सकते हैं।

### फ्रीलैंड ने बताया अपना प्लान

साथ ही फ्रीलैंड ने यह भी कहा कि अगर वह कनाडा की प्रधानमंत्री बनती हैं, तो वह अमेरिकी कंपनियों को कनाडा की संघीय खरीद पर बोली लगाने से रोकने की योजना बनाएंगी। इसके अलावा वह अन्य देशों के नेताओं के साथ एक अंतर्राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन आयोजित करने की सोच रही हैं, ताकि वैश्विक स्तर पर इस तरह के मुद्दों का मिलकर समाधान किया जा सके।

### ट्रंप की धमकी कनाडा के लिए संकट, समझिए कैसे

बता दें कि कनाडा की पूर्व वित्त मंत्री और पीएम की दौड़ में शामिल क्रिस्टिया फ्रीलैंड का ये बयान अमेरिकी के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की धमकी के जवाब में आया है। जहां ट्रंप ने कनाडा को दबाव में लाने के लिए अपने व्यापारिक नीतियों का इस्तेमाल करने की धमकी दी है। देखा जाए तो ट्रंप की ये धमकी इस स्थिति ने कनाडा के लिए एक बड़ा व्यापारिक मुद्दा पैदा कर दिया है, क्योंकि इन व्यापारिक नीतियों से कनाडा की अर्थव्यवस्था पर असर पड़ सकता है।

# नॉर्थ गाजा में लौटे 3 लाख फिलिस्तीनी

# इजराइल ने वापसी की मंजूरी दी गाजा में शवों को निकाल रही रेड क्रॉस

**खान यूनिस।** इजराइल-हमास ग के 15 महीने बाद 3 लाख से ज्यादा फिलिस्तीनी नागरिक रफा बॉर्डर और साउथ गाजा के इलाके से नॉर्थ गाजा की तरफ लौटे चुके हैं। 19 जनवरी को हुए सीजफायर के बाद कल यानी सोमवार, 27 जनवरी को इजराइल ने फिलिस्तीनी नागरिकों नॉर्थ गाजा में लौटने की मंजूरी दी।

जंग शुरू होने के बाद 10 लाख से ज्यादा लोग साउथ की तरफ चले गए थे। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक गाजा में इजराइली हमलों से 47 हजार से ज्यादा लोगों मारे गए हैं, जबकि 1.10 लाख से ज्यादा घायल हुए हैं। सीजफायर डील के तहत यह तय हुआ था कि इजराइल, 25 जनवरी से उत्तरी गाजा में फिलिस्तीनी लोगों को लौटने की अनुमति देगा। हालांकि इजराइल-हमास के बीच विवाद की वजह से इसमें 2 दिन की देरी हुई।



हमास ने गाजा के विस्थापितों की घरवापसी को अपनी जीत बताया है। हमास ने कहा कि गाजा पर इजराइली कब्जे का प्लान फेल हो चुका है। लोगों का अपने घर लौटना इजराइल की हार का संकेत है। इजराइल ने सोमवार सुबह 9 बजे नेत्जरिम कॉरिडोर को खोल दिया। नेत्जरिम कॉरिडोर के खुलने के 2 घंटे के भीतर दो लाख विस्थापित फिलिस्तीनी पैदल गाजा की सीमा में घुसने में कामयाब हुए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक 2 घंटे के बाद गाड़ियों के लिए सीमा खोली गई।

सीजफायर समझौते के तहत इस हफ्ते हमास, इजराइल के 6 नागरिकों को रिहा करेगा। इन्हें 3-3 के दो बैच में गुरुवार और शनिवार को रिहा किया जाएगा। इसके बदले में इजराइल ने सोमवार, 27 जनवरी से नॉर्थ गाजा में फिलिस्तीनी नागरिकों को वापस लौटने की अनुमति दे दी। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इसकी जानकारी दी। रिहा होने वाले बंधकों में दो महिलाएं अर्बेल येहुद और अगर बर्गर शामिल हैं। इन्हें हमास ने 7 अक्टूबर 2023 को बंधक बना लिया था।

इजराइल ने पिछले हफ्ते शनिवार को रिहा हुई 4 महिला बंधकों के साथ अर्बेल येहुद को रिहा करने की मांग की थी। हालांकि हमास ने अर्बेल की शनिवार को रिहाई नहीं की। इसे इजराइल ने सीजफायर का उल्लंघन बताया था। सीजफायर समझौते के तहत अब तक हमास ने इजराइल के 7 बंधकों को रिहा किया है। ये सभी महिलाए हैं। इनके बदले में इजराइल ने 300 से ज्यादा फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा किया है। हमास ने रविवार को बचे हुए बंधकों की लिस्ट इजराइल को सौंप दी है। इजराइल हमास के बीच 19 जनवरी से सीजफायर शुरू हुआ है। सीजफायर का पहला फेज 42 दिन का है, इस दौरान इजराइल के सभी बंधकों को रिहा किया जाएगा।

शनिवार तक इजराइल को ये लिस्ट नहीं मिली थी। इसे इजराइल ने सीजफायर का उल्लंघन बताया था। इसके चलते नॉर्थ गाजा में फिलिस्तीनियों की वापसी में देरी हो रही थी।

### इजराइल बोला- हमास की कैद में 8 बंधक मारे गए

इजराइल ने कहा कि हमास की ओर से जारी की गई सूची में 33 में 8 बंधक पहले ही मारे जा चुके हैं। सरकार के प्रवक्ता डेविड मेंसार ने इसकी पुष्टि की है। इसका मतलब है कि अब आने वाले समय में हमास सिर्फ 18 बंधकों को ही रिहा करेगा। इजराइल सीरफायर के पहले चरण में अब तक 7 बंधकों को रिहा कर चुका है।

### इजराइल करीब 700 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा

सीजफायर डील 3 फेज में पूरी होगी। पहले फेज में हमास इजराइल से किडनैप किए गए 33 बंधकों को रिहा करेगा। साथ ही इजराइली सेना गाजा की सीमा से 700 मीटर पीछे लौटेगी। इजराइल के न्याय मंत्रालय ने भी 95 फिलिस्तीनी कैदियों की लिस्ट जारी की है, जिन्हें पहले फेज में रिहा किया जाएगा। इनमें 69 महिलाएं, 16 पुरुष और 10 नाबालिग शामिल हैं। इनके नाम की लिस्ट भी जारी की गई है। इस लिस्ट में शामिल कई लोग हत्या के आरोप में उम्रकैद की सजा काट रहे हैं,(

# जिलाधिकारी दीपक मीणा ने की जनसुनवाई

## कहा, शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के बाद, शिकायतकर्ता से लिया जाए फीडबैक



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय पर जनसुनवाई की गयी। जिलाधिकारी द्वारा जन सुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों को निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को भेजी गयी। उन्होने निर्देशित किया कि जन सुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता पर किया जाए। साथ ही हर शिकायत का निस्तारण पूर्ण गुणवत्ता के साथ किया जाना सुनिश्चित किया जाए। शिकायत निस्तारण के उपरांत शिकायतकर्ता से शिकायत के निस्तारण का फीडबैक लेना भी सुनिश्चित किया जाए। जनसुनवाई के दौरान एडीएम एल/ए विवेक कुमार, एडीएम न्यायिक अंजुम बी. सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## सपा महानगर अध्यक्ष ने नारियल फोड़कर किया रोड का शिलान्यास

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 28 जनवरी 2025 को समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष वीरेन्द्र यादव (एडवोकेट) व पार्षद पति फिरशाद चौधरी ने गरिमा गार्डन से सिकंदर पुर गाँव को जाने वाली रोड सिकंदर पुर रोड का शिलान्यास नारियल फोड़कर किया। इन्टर लॉकिंग सड़क पार्षद निधि लगभग 20 लाख रुपये की लागत से निर्मित होगी। एम0 के0 चौधरी के मकान से हिटलर के मकान तक के निवासी इस निर्माण से लाभान्वित होंगे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शामिल शामिल रहे, पार्षद तवस्सुम जहां, डा0 मुशीर चौधरी, चौधरी फौजुद्दीन, चौधरी तैमूर, चौधरी तराबुद्दीन, मोईन गईन, चौधरी अली हसन, शिव शंकर, प्रह्लाद शर्मा, रवि किशन, इब्राहिम चौधरी, गुलशेर चौधरी, लुकमान चौधरी, माजिद ठाकरान, फुरकान चौधरी, जितेन्द्र प्रसाद, मोहित यादव, कुलविंदर शर्मा, शाहिद नम्बरदार, आकिल सैफी, शाहरुख चौधरी, वकील चौधरी, वाजिद चौधरी आदि।



## सरकारी प्राइमरी स्कूल के बच्चों के लिए आईडीबीआई बैंक ने दी सौगात




**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** साहिबाबाद विधानसभा विधायक एवं केबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के आग्रह पर वार्ड - 73, 70, 64, सरकारी प्राइमरी स्कूल के बच्चों के लिए आईडीबीआई बैंक द्वारा वाटर कूलर एवं लाइब्रेरी के लिए अलमारी दी गयी जिससे गर्मी में बच्चों को ठंडा पानी मिल सके। इस मौके मनोज प्रसाद कोहली उप महाप्रबंधक, अर्पित पुष्पकरण सहायक महा प्रबंधक, कविराज सहायक प्रबंधक सहायक प्रबंधक प्रिंसिपल- सोनाली गुप्ता, सुनीता देवी, देवेश शर्मा, पवन रेड्डी, हरिचंद शर्मा, मंडल अध्यक्ष अशोक भाटी, पार्षद रामनिवास बंसल, सोनू बंसल, इंद्रजीत, गुरुदास पाल, सुनील त्यागी, सुरेश तिवारी, सोनू भाटी आदि मौजूद थे।

## इंदिरापुरम अतिक्रमण हटाने की प्रभावी हो कार्यवाही

# इंदिरापुरम को अतिक्रमण मुक्त करने हेतु अधिकारियों ने बनाई कार्य योजना

## आज इंदिरापुरम में अवैध अतिक्रमण हटाने का चलेगा महा अभियान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम द्वारा इंदिरापुरम क्षेत्र में निरंतर विकास कार्यों को तेजी देने के लिए कार्यवाही की जा रही है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में इंदिरापुरम के अवैध अतिक्रमण हटाने हेतु तीन दिवसीय महा अभियान भी चलाया जा रहा है जिसके लिए निर्माण, स्वास्थ्य, उद्यान तथा जोनल प्रभारी की टीम को शामिल करते हुए टीम का गठन किया गया है जिसके लिए अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव को कार्य योजना बनाते हुए कार्यवाही प्रारंभ करने की आदेश दिए गए हैं।

### बेतरतीब वाहनों को खड़ा करने पर भी होगी कार्यवाही : नगर आयुक्त



### प्रतिदिन दोपहर 2:00 से 5:00 तक चलेगा अभियान

**करंट क्राइम।** इंदिरापुरम क्षेत्र अंतर्गत मुख्य मार्गो से रेहड़ी पटरी, सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा, ग्रीन बेल्ट पार्कों से अवैध कब्जा हटाने की कार्यवाही की जाएगीद्ध। प्रतिदिन दोपहर 2:00 से 5:00 तक अभियान चलेगा। पुलिस बल में महिला पुलिस भी शामिल रहेगी। अवैध अतिक्रमण के साथ-साथ बेतरतीब वाहनों के खड़े करने पर भी कार्यवाही की जाएगी। बैठक में सभी जोनल प्रभारी निर्माण विभाग के सहायक अभियंता उद्यान विभाग के उद्यान पर्यवेक्षक, समस्त जोन के सेनेटरी इंस्पेक्टर भी उपस्थित रहे।

### अपर नगर आयुक्त ने निर्माण स्वास्थ्य तथा जोनल प्रभारीयों से की संयुक्त बैठक

**करंट क्राइम।** अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव द्वारा बताया गया इंदिरापुरम क्षेत्र से अवैध अतिक्रमण की शिकायती प्राप्त हो रही है जिसका संज्ञान लेते हुए गाजियाबाद नगर निगम नगर आयुक्त के निर्देश अनुसार 29 से 31 जनवरी 2025 तक तीन दिवस का महा अवैध अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाएगा। समस्त जोनल प्रभारी के साथ-साथ उद्यान निर्माण स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर रहेगी सभी विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर इंदिरापुरम क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने का महा अभियान चलेगा प्रभावी कार्यवाही के लिए पुलिस विभाग को भी सूचित किया गया है।

# सांसद अतुल गर्ग और लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने लोनी की जनता को दी 16 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

## गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण के दिये निर्देश

## आधुनिक तकनीक से जिले की प्रथम यूनिक सड़क बनेगी सिरोरा मार्ग





**लोनी, करंट क्राइम।** गाजियाबाद जनपद के सांसद अतुल गर्ग और लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने मंगलवार को लोनी की बहुप्रतीक्षित फरुखनगर-सिरौरा मार्ग के चौड़ीकरण विकास कार्य का शुभारंभ किया। इस दौरान रिस्तल चौराहे से शकलपुरा मार्ग पर विशेष मरम्मत कार्य व विधायक निधि के विकास कार्यों का उद्घाटन-शुभारंभ किया गया। मार्ग के शुभारंभ से पहले स्थानीय लोगों ने खुशी में आतिशबाजी, ढोल नगाड़ों से सांसद और स्थानीय विधायक का स्वागत कर धन्यवाद किया। लोगों ने कहा लंबे समय से मार्ग की मांग थी सबने आश्वसान दिया लेकिन पहली बार स्थानीय सांसद और क्षेत्र के विधायक ने अपने भागीरथी प्रयास से आज इस सपने को पूरा किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष सतपाल सिंह, लोनी ब्लॉक प्रमुख पति एवं भाजपा नेता कोमल गुर्जर, मिंटू प्रधान, महेश प्रधान, रवि प्रधान, धर्मेंद्र प्रधान, अरुण कसाना, लायकराम प्रधान, राजवीर प्रधान, मंडल अध्यक्ष मनीष चौहान, धीरेंद्र बैसोया आदि उपस्थित रहें। मार्ग निर्माण में लोक निर्माण विभाग जनपद गाजियाबाद के अधिशासी अभियंता रामराजा, सहायक अभियंता मनवीर सिंह, डीके शर्मा, अवर अभियंता नकुल कौशिक, गुलाब सिंह भाटी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### सांसद अतुल गर्ग और विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा, लोनी के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित है भाजपा



**करंट क्राइम।** 15 करोड़ 32 लाख की आगणन लागत से बनने फरुखनगर-सिरौरा मार्ग, 21 लाख 95 हजार से रिस्तल चौराहे से शकलपुरा मार्ग, 20 लाख से अधिक की लागत से रिस्तल शिव मंदिर मार्ग व अन्य विकास कार्य से देहात के विकास को गति मिलेगी। सिरोरा मार्ग से सिरोरा, रिस्तल, भूपखेड़ी, मेवला फरुखनगर, महमूदपुर, कोतवालपुर समेत दर्जनों गांवों को फायदा मिलेगा। कार्यक्रम संबोधन में सांसद अतुल गर्ग ने कहा लोनी के विकास के लिए लगातार हम कार्य कर रहे है। कुछ प्रमुख समस्याओं के निराकरण के लिए हम और विधायक जी लगातार लगे हुए है। लोनी के जनता से किये गए सभी वायदे पूरे होंगे। वहीं विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा यह बहुत ही खुशी और हर्ष का विषय है कि बहुप्रतीक्षित मांग आज पूरी होने जा रही है। हमारे देहात के क्षेत्र विकास की दौड़ में आगे बढ़ रहे है। आज करोड़ों की लागत से लोनी में विकास कार्य विधायक निधि, मुख्यमंत्री त्वरित योजनांतर्गत, राज्य वित्त, डूडा, पीडब्ल्यूडी आदि के माध्यम से हो रहे है लोगों की जिंदगी आसान हो रही है। जलनिकसी हमारे लिए सबसे बड़ी समस्या थी इस दिशा में भी लगातर नगरपालिका में हम सीवरेज सिस्टम का काम हम कर रहे हैं। जल्द बेहटा हाजीपुर मार्ग का भी हम शिलान्यास करेंगे। लोनी की तस्वीर और अच्छी होगी। इसके अतिरिक्त विधायक ने कहा लोनी में बिजली, सड़क, चिकित्सा, शिक्षा, कानून व्यवस्था की स्थिति में आज अभूतपूर्व सुधार हुआ है जिसकी साक्षी लोनी की जनता है जिसने मुझे पुन: अपनी सेवा करने का आशीर्वाद प्रदान किया। लोनी एक हाईटेक सिटी बने इसके लिए बृहद स्तर योजना तैयार की जा रही है। लोनी विकास के पथ पर अग्रसित है भाजपा की नीतियों और विकास के प्रति मेरी प्रतिबद्धता पर जनता का विश्वास है।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव में इस बार खिलेगा कमल, बनेगी भाजपा सरकार : अमित प्रताप



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आगामी 5 फरवरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। इस बार दिल्ली प्रदेश की जनता आम आदमी पार्टी की सरकार को उखाड़ फेंकेगी क्योंकि दिल्ली के लोग समझ चुके हैं की चुनाव आने पर केजरीवाल और उनकी पार्टी जो बड़े-बड़े लोक लुभावन वादे करती है उनमें से कोई भी वादा यह लोग सरकार में आने के बाद पूरा नहीं करते, आम आदमी पार्टी के सभी वादे एक चुनावी स्टंट बनकर रह जाते हैं। यह दिल्ली के लोग समझ चुके हैं, पिछले चुनाव में कूड़े का पहाड़ खत्म करके यमुना को गंगा की तरह स्वच्छ करने का जो वादा केजरीवाल ने किया था उसको भी आम आदमी पार्टी की सरकार पूरा नहीं कर सकी, आम आदमी पार्टी की सरकार ने दिल्ली को सिर्फ भ्रष्टाचार और घोटाले दिए हैं। भाजपा शासित राज्यों में डबल इंजन की सरकारें जिस प्रकार चौमुखी विकास करवा रही हैं ऐसा ही विकास दिल्ली के लोग भाजपा सरकार लाकर दिल्ली में करवाना चाहते हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के चुनाव प्रचार से यह चुनाव भाजपा के पक्ष में एक तरफा हो चुका है और दिल्ली में आम आदमी पार्टी की विदाई तय है।

## मुलाकात



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा कवि नगर मंडल की टीम ने भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसोदिया से मुलाकात की। इस दौरान मंडल टीम ने उनका स्वागत भी किया और उनसे मार्ग दर्शन भी प्राप्त किया।**

# जनकपुरी वार्ड 70 में गंदे पानी की सप्लाई से लोग परेशान

## बोले, गंदे पानी की वजह से घर में सांस लेना भी दूभर



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** जनकपुरी वार्ड 70 में गंदे पानी की सप्लाई की वजह से लोगों को तमाम दिक्कत और परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे अहम बात यह है कि यह समस्या आज से नहीं लंबे समय से चलती आ रही है। जिसके बावजूद प्रशासन द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। कई बार वार्डवासियों द्वारा इस मामले की शिकायत की गई, मगर आज तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है।

राहुल मावी, आजाद मावी, देवेंद्र चौहान, रामजीलाल, नवीन शर्मा, अमित झा ने बताया कि यह समस्या पिछले 1 माह से चलती आ रही है। कई बार इस समस्या को लेकर निगम के अधिकारियों व पार्षद को अवगत कराया गया। मगर हर बार समस्या का समाधान करने की बात कहकर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। कई बार पानी इतना गंदा आता है कि घर में सांस लेना भी दुश्वार हो जाता है। मजबूरी की वजह से बर्तन और कपड़े धोने के लिए इसी पानी को इस्तेमाल करना पड़ता है।

गंदे पानी की वजह से बीमारियों का भी खतरा बढ़ रहा है। लोगों का कहना है कि जल्द से जल्द समस्या का समाधान कराया जाए। महिलाओं को सबसे ज्यादा परेशानी पानी गंदा होने की वजह से और कम समय के लिए पानी आने के कारण होती है। महिलाओं का कहना है कि परिवार के पुरुष सदस्य तो नौकरी करने के लिए बाहर चले जाते हैं।

क्षेत्र के लोगों का कहना है कि केवल सुबह के समय पानी आता है। लोगों का कहना है कि एक तो पानी गंदा आता है दूसरा कम समय पानी आने की वजह से भी काफी परेशानियां हो रही हैं। सुबह केवल एक से डेढ़ घंटे के लिए ही पानी आता है। उसमें भी 40 मिनट तो केवल गंदे पानी को निकालने में लग जाता है। जब तक पानी को भरने का समय आता है तब तक पानी भी जा चुका होता है।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## उठते सवालों का करंट




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हैवीवेट मैन जल्द ही चलाने वाले हैं एक और दावत का तीर? लिट्टी चौखे की दावत के बाद वो खिलाने वाले हैं जनता को मंडवे की रोटी और झंगुरे की खीर? सुना है उन्होंने अब उत्तराखंड वालों को दावत देने का तैयार कर लिया है प्लान? बस प्रोग्राम की डेट फिक्स होना रह गया है श्रीमान? फिर से दिखायेंगे वो अपनी अदावत? इस बार पूर्वांचल वालों की जगह होगी उत्तरांचल वालों की दावत?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब भी आप बैठोगो सांवरिया जी के पास? देखना अगर मुख पर आ गया उनके भगवा कमांडर का नाम? तो चेहरे पर खिल जायेगी उनके मुस्कुराहट? वो बतायेंगे आपको इस मुस्कुराहट की वजह? वो बतायेंगे संजीव शर्मा के विधायक बनने से उनको आया है मजा? बतायेंगे कि जब से विधायक बने हैं भगवा कमांडर? तब से और भी ज्यादा स्माईलिंग हो गया है उनका फेस? सावंरिया जी बतायेंगे इसलिए भाता है उनको पहलवान के दोस्त का मुस्कुराता हुआ फेस?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम आपको बता रहे हैं अंदर की बात? अध्यक्ष पद के मोस्ट डिर्जविंग चेहरे मिस्टर पहलवान दिल्ली गये थे गर्ग साहब के पास? लेकर अपने दिल की अरदास? उन्होंने इस मुलाकात में किया था अपने हाल-ए-दिल बयां? कहा था कि आज मैं आपसे कुछ कह रहा हूं, इससे पहले मैंने आपको आज तक कुछ नहीं कहा? कहने वाले ने कहा इस मुलाकात में इमोशन का लेवल था बहुत ज्यादा हाई? देखना अब ये है कि इस मुलाकात का अध्यक्ष वाले मैटर में दिखाई देगा कुछ असर? या फिर गर्ग साहब के प्रिय कुशवाहा के साथ पहलवान जी का गेम हो जायेगा टाई?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भले ही भगवा तिगड़ी गई हो बिखर? मगर सुना है भगवा दुकड़ी का उदय हो गया है इधर और उधर? लाईन पार के रेड फेस मैन और मुराद पूरी करने वाले मैम्बर त्यागी के बीच बैठ गई है जबरदस्त पैंठ? सुना है दोनों आज कल एक साथ कर रहे हैं उठ-बैठ? दोनों को है विधायक जी से बहुत ज्यादा आस? एक की है संगठन या जीडीए में जाने की तमन्ना? दूसरे कर रहे हैं निगम का वाईस प्रेसीडेंट बनने का प्रयास? देखना अब ये है ये नई दुकड़ी क्या असर दिखाती है साहब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक तरफ भगवा क्रान्तिकारी त्यागी जी खोलते हैं ताकतवर मैडम के खिलाफ मोर्चा? दूसरी तरफ वो शिकायत वाले लैटर भी करते हैं उनके नाम वाले निवेदन से दर्ज? कहने वाले ने कहा विरोध करने के बाद त्यागी जी सोचते हैं कि मैडम उनकी बात सुनेगी? हमें तो नहीं लगता कि उनकी लैटर बाजी से पड़ेगा कोई फर्क? हम तो देना चाहते हैं उनको एक सलाह? वो अपने प्रिय विधायक जी के पास जायें? तभी होगा उनका भला? खसरों पर कब्जें हुए वाली फाईल उठवायें वो भगवा कमांडर से विधानसभा में आवाज? हमें पता है भले ही यहां उनकी शिकायतों को सीरियस ना लिया जा रहा हो? वहां अगर आवाज उठेगी तो बन जायेगी उनकी बात?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम बैठे थे गर्ग साहब के खास चेहरे के पास? वहां उठ रही थी गर्ग साहब के गोयल साहब को फेवर करने की बात? कहने वाले ने कहा गर्ग साहब बैठे थे गोयल साहब के परिवार वालों के साथ? इस मीटिंग के बाद गर्ग साहब का दिल सॉफ्ट हो गया? फिर दिल्ली में करी उन्होंने तुरंत बात? इस बात को सुनकर गर्ग साहब का खास हो गया हैरान? उसने चेहरे पर मुस्कुराहट लाकर कहा सोशल मीडिया का दौर है, इसलिए आप ज्यादा अफवाहों पर मत दो ध्यान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम आपको एक बात बता रहे हैं जो दे सकती है भगवागढ़ में उम्मीद पालने वालों को कष्ट? कहने वाले ने कहा गर्ग साहब और कमांडर आने वाले समय में पैरोकारी वाले मोड से दूरी बना लेंगे? अगर दोनों में से कोई एक गोयल बना महानगर अध्यक्ष? ये नहीं करेंगे किसी की कोई बड़ी सिफारिश? अपनी तरफ से करेंगे प्रयास, मगर नहीं सुनाई देगी उनकी गुजारिश? कहने वाले ने कहा मैं वैसे ही नहीं बता रहा हूं ये बात? कहीं बैठा था मैं वहां पर चर्चा कर रहे थे कोई भाईसाहब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब से खुली है नामित वाली फाईल? हम देख रहे है मुराद पूरी करने वाले विधायक जी के खास चेहरों पर दिखाई देने लगी है स्माईल? उनके प्रिय अंकुश, लाडले मोनू और मंडल अध्यक्षी में खता खा चुके एक दावेदार ने देखने शुरू कर दिये हैं नामित बनने के ख्वाब? देखना अब ये है कि मुराद पूरी करने वाले विधायक जी कैसे पूरी करेंगे इनकी आस? सुना है आज तक कोई चेहरा खाली नहीं लौटा है? जब भी वो गया है विधायक जी के पास, लेकर अपने दिल की अरदास?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें पता है कि दिल्ली में इन दिनों गर्ग साहब हैं बहुत ज्यादा व्यस्त? बावजूद इसके वो अपनी लोकसभा में किसी ना किसी विधानसभा में दिखाई दे जाते हैं यार? मंगलवार को हमने देखी उनकी लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर की विधानसभा में लोकेशन? बस इस लोकेशन को देखकर आ गया हमारे दिल में विचार? हमारे सामने निकल कर आया यही संदेश? धौलाना विधानसभा में आखिर इस तरह से कब नजर आयेगा हमारे गर्ग साहब का फेस?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम तो बस हाथ वाले सुशांत भैया को देना चाहते हैं यही सलाह? उनके चाहने वाले उनको लगातार सक्रिय देखना चाहते हैं? अगर वो निरंतर अपनी सक्रियता बनाकर रखेंगे तभी होगा उनका चुनावों में भला? हम देख रहे हैं गाजियाबाद की राजनीति में आज कल? एक्टिव नजर नहीं आ रहा है उनका फेस? अब आप ही बताओ ऐसे कैसे गाजियाबाद में मजबूत होगा उनकी राजनीति का बेस?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने मंगलवार को जामुन बाजार में स्थित मरघट हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की। इस दौरान भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष सचिन डेढ़ा और पंडित वैभव शर्मा भी मौजूद रहे। सचिन डेढ़ा ने इस पल को फेसबुक पर साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।